http://amritkalashtimes.com

# अमृत कलश टाइम्स

वर्ष : 18
अंक : 157

प्रयागराज शनिवार 22 फरवरी 2025

पृष्ठः- 4, मूल्यः- एक रुपया


## दिल्ली की मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति से शिष्टाचार भेंट की

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। श्रीमती गुप्ता ने श्रीमती मुर्मु को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। राष्ट्रपति सचिवालय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इस मुलाकात का फोटो साझा किया है।उल्लेखनीय है कि श्रीमती गुप्ता ने गुरूवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी।दिल्ली में बीजेपी की सरकार बन गई है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता च्व् और जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक करने वाली हैं। वहीं, दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र 24 से 27 फरवरी तक चलेगा। इसकी जानकारी बीजेपी के वरिष्ठ विधायक विजेंद्र गुप्ता ने दी है। गुरुवार को दिल्ली सरकार की पहली कैबिनेट बैठक हुई और इसमें दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना को लागू करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा ब।ळ की रिपोर्ट को विधानसभा में पेश करने का भी फैसला हुआ। इस बीच, आम आदमी पार्टी ने बीजेपी पर निशाना साधा है। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा है कि भाजपा ने महिलाओं से वादा किया था कि पहली कैबिनेट मीटिंग में ही 2500 रुपये वाली योजना को लागू करेंगे लेकिन पहले दिन से ही भाजपा ने अपने वादों को तोड़ना शुरू कर दिया है। इससे पहले गुरुवार शाम को दिल्ली सरकार में मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया गया। सीएम रेखा गुप्ता की कैबिनेट में प्रवेश वर्मा, कपिल मिश्रा, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र कुमार इंद्राज, आशीष सूद और पंकज कुमार सिंह शामिल है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को वित्त, राजस्व, महिला एवं बाल विकास विभाग मिला है। आशीष सूद गृह, बिजली, शिक्षा और शहरी विकास विभाग जबकि प्रवेश वर्मा को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। पंकज कुमार सिंह स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के साथ–साथ परिवहन विभाग भी देखेंगे। कपिल मिश्रा को कानून एवं न्याय मंत्री बनाया गया है।



### पीएम बोले–लीडरशिप पर विवेकानंद का मंत्र लेकर आगे बढ़ना है

## बेहतरीन लीडर्स का विकास जरूरी




- विकसित भारत के लिए हर क्षेत्र में सर्वोत्तम नेतृत्व जरूरीः मोदी
- उन्होंने कहा था- मेरे पास 100 लीडर्स हों तो देश को आजाद और नंबर वन बना सकता हूं
- हर भारतीय विकसित भारत के लिए दिन-रात काम कर रहा, हमें सर्वश्रेष्ठ नेतृत्व की जरूरत, पीएम मोदी बोले

नई दिल्ली,(एजेंसी)। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, श्बेहतरीन लीडर्स का विकास जरूरी है और समय की मांग है इसलिए श्स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिपश की स्थापना विकसित भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण और बड़ा कदम है...श प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप (SOUL) लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन किया। भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे भी उनके साथ मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज हर भारतीय, 21वीं सदी के श्विकसित भारतश के लिए दिन–रात काम कर रहा है। ऐसे में 140 करोड़ के देश में भी हर सेक्टर में, हर वर्टिकल में, जीवन के हर पहलू में हमें उत्तम से उत्तम नेतृत्व की जरूरत है। श्कुछ आयोजन ऐसे होते हैं जो हृदय के बहुत करीब होते हैंश प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, श्कुछ आयोजन ऐसे होते हैं जो हृदय के बहुत करीब होते हैं आज का कार्यक्रम भी ऐसा ही है। राष्ट्र निर्माण के लिए बेहतर नागरिकों का विकास जरूरी है। व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण, श्जन से जगतश, किसी भी ऊंचाई को प्राप्त करने के लिए आरंभ जन से ही होता है।श श्बेहतरीन लीडर्स का विकास जरूरीश प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, श्बेहतरीन लीडर्स का विकास जरूरी है और समय की मांग है इसलिए श्स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिपश की स्थापना विकसित भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण और बड़ा कदम है...श श्स्वामी विवेकानंद भारत को गुलामी से बाहर निकालकर भारत को ट्रांसफॉर्म करना चाहते थेश उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत को गुलामी से बाहर निकालकर भारत को ट्रांसफॉर्म करना चाहते थे और उनका विश्वास था कि अगर 100 लीडर उनके पास हों, तो वह भारत को आजादी ही नहीं, बल्कि दुनिया का नंबर वन देश बना सकते हैं।

## ट्रक से टकराई कार, महाकुंभ से लौट रहे एक ही परिवार के छह की मौत

आरा,(एजेंसी)। बिहार के भोजपुर जिले में जगदीशपुर थाना क्षेत्र के आरा–मोहनियां राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुल्हिन बाजार के निकट आज सुबह तेज रफ्तार कार के खड़े ट्रक से टकराने से महाकुंभ से स्नान कर लौट रहे पटना के एक ही परिवार की चार महिला और दो पुरुष समेत छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि प्रयागराज में महाकुंभ से स्नान कर एक ही परिवार के छह लोग कार से लौट रहे थे। तेज रफ्तार कार दुल्हिन बाजार में पेट्रोल पंप के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहले से खड़े एक ट्रक से टकरा गई। इस दुर्घटना में कार पर सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे शवों को बाहर निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को कार से शवों को बाहर निकलने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। मृतकों की पहचान पटना की करुणा देवी (56), आशा किरण (28) जूही रानी (25), प्रियम (20), संजय कुमार (60) और लाल बाबू सिंह (25) के रूप में की गई है। सभी मृतक महाकुंभ में स्नान करने के लिए गुरुवार को प्रयागराज गए थे। घटना कारण कार चला रहे लालू बाबू सिंह को नींद आना बताया का रहा है।



## वर्ष 2029 तक यूपी बनेगा एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्थाः सीएम योगी

- सीएम योगी का दावा- यूपी में छह करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से निकाला गया

लखनऊ,(एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि वर्ष 2029 तक उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के अपने लक्ष्य को हासिल कर लेगा। श्री योगी ने विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन शुक्रवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सपा सदस्य रागिनी सोनकर के एक सवाल के जवाब में कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जब उनकी सरकार आई थी, तब राज्य की अर्थव्यवस्था 12 लाख करोड़ रुपये थी, जो इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 27.5 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी। प्रदेश सरकार 2029 तक उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग भारत को विकसित राष्ट्र नहीं मानते, वे उत्तर प्रदेश की आर्थिक वृद्धि पर भी सवाल उठाते हैं, भारत आज दुनिया की एक बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रहा है। हो सकता है कि कुछ लोगों को अच्छा नहीं लग रहा हो क्योंकि जिनका अपना पर्सनल एजेंडा होता है, वह देश के विकास को अच्छा नहीं मानेंगे, लेकिन सच्चाई यह है कि देश की अर्थव्यवस्था आज विश्व में पांचवें स्थान पर पहुंच चुकी है और 2027 तक भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा "मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि वर्ष 2029 में उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी भी बनेगा और देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बनेगा।" योगी ने कहा कि उनकी सरकार ने अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए 10 प्रमुख क्षेत्रों को चिह्नित किया है। इन क्षेत्रों में औद्योगिक विकास, कृषि, सामाजिक सुरक्षा, नगरीय विकास, राजस्व संग्रह, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और सेवा क्षेत्र शामिल हैं। प्रत्येक सेक्टर की मासिक समीक्षा की जाती है और मुख्यमंत्री स्वयं तिमाही समीक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले थे, जिनमें से 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश को जमीन पर उतारा जा चुका है। कई उद्योगों ने उत्पादन भी शुरू कर दिया है। इस निवेश से 60 लाख युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है। उन्होने कहा कि यह वही प्रदेश है जहां सीडी रेशियो 44 प्रतिशत था। आज यह 60 प्रतिशत क्रॉस कर चुका है। यह दर्शाता है कि उत्तर प्रदेश का पैसा आज उत्तर प्रदेश में लग रहा है।




## जगन्नाथ मंदिर के अंदरूनी हिस्से का वीडियो वायरल करने वाले युवक से पुलिस ने की पूछताछ

पुरी,(एजेंसी)। ओडिशा के पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर के अंदरूनी हिस्से का वीडियो वायरल करने वाले युवक से पुलिस ने पूछताछ की है। सोशल मीडिया पर गत 19 जनवरी को वीडियो वायरल करने वाला बांके बिहारी अनंत गुरुवार को सिंहद्वार पुलिस के समक्ष पेश हुआ। मंदिर के कई सेवादारों ने अंदरूनी दृश्य इंस्टाग्राम पर अपलोड होने और वायरल होने के बाद मंदिर प्रशासन से इसकी शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद मंदिर प्रशासन ने शिकायत दर्ज कराई और पुलिस ने युवक को पूछताछ के लिए बुलाया। इस बीच बांके बिहारी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से मंदिर के वीडियो डिलीट कर दिए। पुलिस श्री जगन्नाथ मंदिर के अंदरूनी हिस्से का वीडियो बनाने के लिए युवक से पूछताछ कर रही है।



## भारत के अवैध प्रवासियों को दूसरे देशों में क्यों भेज रहा अमेरिका

- क्या है ट्रंप प्रशासन की योजना?

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। अमेरिका से डिपोर्ट किए गए भारतीय और अन्य देशों के लोग दक्षिण अमेरिकी देश पनामा में क्या कर रहे हैं? ट्रंप प्रशासन ने हालिया दिनों में अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे भारतीयों को और किन देशों में भेजा है? इसकी वजह क्या है? वहां भारतीय किन हालात में रहने को मजबूर हैं? अमेरिका की आगे की योजना क्या है? आइये जानते हैं... अमेरिका ने अवैध तरीके से देश में रह रहे लोगों का निर्वासन जारी रखा है। ट्रंप प्रशासन ने दक्षिण अमेरिका, एशिया और यूरोप के सैकड़ों नागरिकों को बेड़ियां लगाकर डिपोर्ट किया है। अपने इस अभियान के लिए अमेरिकी सरकार करोड़ो डॉलर तक खर्च कर रही है। हालांकि, इस बीच पनामा से कुछ चौंकाने वाली तस्वीरें सामने आई हैं। इन फोटोज में अमेरिका से निर्वासित किए गए भारतीयों को एक होटल की खिड़की से मदद की गुहार लगाते देखा जा सकता है। इस तस्वीर के सामने आने के बाद से ही भारत और पड़ोसी देशों में लोगों ने अमेरिकी सरकार से नाराजगी जताई है। हालांकि, इस बीच सबकी जुबान पर एक ही सवाल है– आखिर अमेरिका से डिपोर्ट किए गए भारतीय और अन्य देशों के लोग दक्षिण अमेरिकी देश पनामा में क्या कर रहे हैं? ट्रंप प्रशासन ने हालिया दिनों में अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे भारतीयों को और किन देशों में भेजा है? इसकी वजह क्या है? वहां भारतीय किन हालात में रहने को मजबूर हैं? अमेरिका की आगे की योजना क्या है? आइये जानते हैं...पहले जानें– अमेरिका ने अब तक कितने भारतीयों को वापस भेजा अमेरिका अब तक तीन सैन्य विमानों के जरिए 332 भारतीयों को भारत भेजा है। अमेरिका से अवैध प्रवासियों को लाने वाली पहली फ्लाइट 5 फरवरी को भारत के अमृतसर में लैंड हुई। तब इसमें 104 लोग सवार थे, जिनमें 30 पंजाबी थे। इसके अलावा 15 फरवरी को 116 और 16 फरवरी को 112 भारतीयों को लेकर भी अमेरिकी सैन्य उड़ानें भारत पहुंची थीं। तो अमेरिका से डिपोर्ट किए गए भारतीय दक्षिण अमेरिकी देश कैसे पहुंचे?

अमेरिकी मीडिया की पिछले कुछ दिनों की रिपोर्ट्स को देखा जाए तो सामने आता है कि अमेरिका तीन अलग–अलग देशों से एक समझौता कर चुका है। इसके तहत अमेरिका में रह रहे।




## बेहतर तालमेल से लोगों को दें केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ: बिरला


कोटा,(एजेंसी)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विभागीय अधिकारी बेहतर तालमेल के साथ केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाकर राहत प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। श्री बिरला बूंदी जिले में संचालित योजनाओं, विकास कार्यक्रमों, बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन तथा अब तक अर्जित प्रगति की गुरूवार को कोटा जिला परिषद सभागार में आयोजित बैठक में समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। बैठक में लोकसभा अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि जिले में संचालित विकास कार्य निर्धारित समय में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें ताकि आमजन को इनका लाभ मिल सके। उन्होंने ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज के माध्यम से संचालित योजनाओं व कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सांसद एवं विधायक कोष से स्वीकृत कार्य शीघ्र शुरू हो, तय समय में पूरे किए जाएं। माडा के विभिन्न चरणों में अनुमोदित कार्यों में शुरू होने से शेष कार्य प्रारम्भ करवाकर इनमें प्रगति अर्जित की जाए। सीएसआर के तीनों चरणों में अनुशंसित एवं अनुमोदित कार्य की प्रगति बढाएं। उन्होंने जिले में मनरेगा योजना के तहत स्ध्वीकृत कार्यों तथा उपलब्ध्ध करवाए जा रहे रोजगार के बारे में भी जानकारी ली और कहा कि पात्र सभी व्यक्तियों को रोजगार दिया जाए, प्रधानमंत्री आवास योजना में पूर्ण हो चुके आवासों का भुगतान समय पर हो। उन्ध्होंने आओ गांव चले अभियान की प्रगति की समीक्षा भी की।श्री बिरला ने जिले में सड़क निर्माण, सुदृढ़ीकरण, नवीनीकरण कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि निर्माण संबंधी कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्ध्यान रखा जाए। बजट घोषणाओं में शामिल कार्यों को पूरी तैयारी के साथ पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन विभाग से स्वीकृत तात्कालिक परिसंपत्तियों की तात्कालिक मरम्मत के लिए प्राप्ध्त राशि का उपयोग कर उपयोगिता प्रमाण पत्र भिजवाना सुनिश्चित करें।



## मुझे हल्के में न लें, जो इस संकेत को समझना चाहते हैं, समझ लें

- एकनाथ शिंदे का विपक्ष पर पलटवार

मुंबई,(एजेंसी)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, श्मुझे हल्के में न लें, जिन्होंने मुझे हल्के में लिया है, उनसे मैं पहले ही कह चुका हूं। मैं पार्टी का सामान्य कार्यकर्ता हूं, लेकिन बाला साहेब का कार्यकर्ता हूं और सभी को मेरी बात समझनी चाहिए।श महाराष्ट्र की महायुति सरकार में अनबन की खबरों को लेकर विपक्ष के आरोपों पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि जिन्होंने 2022 में मुझे हल्के में लिया, मैंने उनकी सरकार ही बदल दी थी और डबल इंजन की सरकार लेकर आए थे। इसलिए मेरी बात को गंभीरता से लें। शिंदे का बयान ऐसे वक्त आया है, जब दावा किया जा रहा है कि शिंदे महाराष्ट्र की महायुति सरकार से नाराज चल रहे हैं। हालांकि, शिंदे कई बार इन आरोपों का खंडन कर चुके हैं। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, श्मुझे हल्के में न लें, जिन्होंने मुझे हल्के में लिया है, उनसे मैं पहले ही कह चुका हूं। मैं पार्टी का सामान्य कार्यकर्ता हूं, लेकिन बाला साहेब का कार्यकर्ता हूं और सभी को मेरी बात समझनी चाहिए। 2022 में जब आपने हल्के में लिया, तो बाजी पलट गई और मैंने सरकार बदल दी, हम आम लोगों की इच्छा की सरकार लेकर आए। विधानसभा में अपने पहले भाषण में मैंने कहा था कि देवेंद्र फडणवीस को 200 से ज्यादा सीटें मिलेंगी और हमें 232 सीटें मिलीं। इसलिए मुझे हल्के में न लें, जो लोग इस संकेत को समझना चाहते हैं, वे समझ लें मैं अपना काम जारी रखूंगा।श सियासी अटकलों से मचा हुआ है बवाल दरअसल, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बीच कई मुद्दों पर मतभेद बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। इनमें संरक्षक मंत्री की नियुक्ति से लेकर अलग–अलग समीक्षा बैठकें करना शामिल है। भाजपा के नेतृत्व वाले तीन दलों के गठबंधन महायुति ने तीन महीने पहले महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीट में से 230 सीट जीतकर सरकार बनाई थी। हालांकि, दोनों के बीच मतभेद की अटकलों पर विराम लगाने के लिए कोई भी स्पष्टीकरण या दावा नाकाफी साबित हो रहा है। नतीजों के बाद से सब कुछ ठीक नहीं पिछले नवंबर में नतीजों के बाद भाजपा ने फडणवीस को मुख्यमंत्री बनाने का फैसला लिया था।



## चिंताजनक तस्वीर

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआइ) के जरिए हो रही धोखाधड़ी के आंकड़े सचमुच हैरान करने वाले हैं। सरकार की ओर से बताया गया है कि पिछले ढाई साल में यूपीआइ से धोखाधड़ी के 27 लाख मामले सामने आए हैं। हैरत की बात यह भी है कि इन मामलों में लोगों ने 2,145 करोड़ रुपए गंवाए हैं। अभी तो मौजूदा वित्त वर्ष के छह–सात माह ही बीते हैं लेकिन इस अवधि में भी यूपीआइ धोखाधड़ी के मामलों में लोगों ने 485 करोड़ रुपए गंवा दिए हैं। यह तो तब है जब सरकार, रिजर्व बैंक और नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया धोखाधड़ी रोकने के लिए सतत कदम उठाती रही हैं।

दरअसल, साइबर संसार के विस्तार की गति जिस तरह से बढ़ रही है उससे भी ज्यादा तेज गति से साइबर क्राइम बढ़ा है। साइबर ठगी का हर पांचवा मामला डिजिटल लेन–देन से जुड़ा हुआ है। डिजिटल अरेस्ट, यूपीआइ से धोखाधड़ी मामलों में ठगों की पहचान आसान नहीं है। इसमें अपराध जिसका एक सिरा कहीं एक जगह होता है तो दूसरा सिरा न जाने कहां होता है। डिजिटल अरेस्ट से धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को देखते हुए केन्द्रीय गृह मंत्रालय की साइबर शाखा ने कम्बोडिया, म्यांमार, वियतनाम व थाईलैंड जैसे दक्षिण–पूर्वी एशियाई देशों को इन घोटालों के गढ़ के रूप में चिह्नित किया था। इन देशों के 17 हजार वॉट्सऐप खातों को भी ब्लॉक करने का बड़ा कदम उठाया था। अपराध की दुनिया में यह अलग तरह का क्राइम न केवल पुलिस–प्रशासन, बल्कि सरकारों के सम्मुख भी बड़ी चुनौती के रूप में उभर कर सामने आया है। इसमें दो राय नहीं कि हमारे देश में लोगों में डिजिटल पेमेंट की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है। इंटरनेट की सहज उपलब्धता और हर हाथ में स्मार्टफोन ने इस प्रवृत्ति को और गति दी है। लोग सब्जी–दूध और किराना स्टोर से लेकर सभी तरह के बिलों के भुगतान के लिए यूपीआइ पेमेंट कर रहे हैं। दूसरी ओर शातिर ठग यूपीआइ पेमेंट के क्यूआर कोड तक भी ऐसा बना रहे हैं जो असली को भी मात देता दिखता है। नकली यूपीआइ ऐप से क्यूआर कोड स्कैन कर व भुगतान का भी फर्जी स्क्रीनशॉट तक दिखा देते हैं। ऐसे में तकनीक के दौर में आसान होती राह के बीच तमाम तरह की सतर्कता बरतने की जरूरत है।

यह सतर्कता न केवल डिजिटल माध्यम से भुगतान करते वक्त, बल्कि अपने खातों में जमा होने वाली रकम तक पर रखनी होगी, क्योंकि इंटरनेट के इस्तेमाल से आसान हुए लेन–देन में डेटा की सुरक्षा व सतर्कता नहीं रखी गई तो साइबर ठग किसी को भी अपने जाल में फंसाने से नहीं चूकने वाले। साइबर अपराधों से निपटने के ठोस प्रयास ही ऐसे जाल को तोड़ पाएंगे।

## जरूरी हैं वॉलंटियर्स

राजस्थान के सुदूर दक्षिणांचल का एक गांव देवगढ़ है, यहां युवा बहुओं का अपना एक संगठन है जिसने कोविड–19 में एक–दूसरे की खास तौर पर मदद की। युवा स्वयंसेवक (वॉलंटियर) भावना पालीवाल ने इस विचार के साथ गांव में पहल की कि गांव में करीब सभी बहुएं दूसरे गांवों–क्षेत्रों से हैं। सभी के पास अपना–अपना विविध कौशल व ज्ञान है। ये गांव में एक–दूसरे को विभिन्न क्षेत्र के कौशल, ज्ञान, अनुभव का आदान–प्रदान करने के साथ महिलाओं के मुद्दों, स्वच्छता व वृक्षारोपण कार्यों में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकती हैं। अब ये एक–दूसरे के सुख–दुरूख की साथी बनी हुई हैं। कोविड–19 के दौरान दुनिया में करोड़ों स्वयंसेवकों ने प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष रूप से स्वैच्छिक कदम उठाकर मानवता, साहस व निरूस्वार्थ सेवा का परिचय दिया। आपदा–विपदा, आपातकालीन परिस्थितियों में जब–जब भी जरूरत पड़ी, दुनिया में स्वयंसेवक सेवा कार्य और सहयोग के लिए आगे रहे। अकाल, भूकंप, बाढ़, महामारी, हादसों की स्थिति में स्वयंसेवकों ने सामूहिक मानवीय चेतना की ज्योत को बनाए रखा है। स्वयंसेवक शांति, मानवता और विकास के पर्याय हैं। संयुक्त राष्ट्र ने स्वयंसेवकों की ताकत और महत्ता को समझते हुए दुनिया में सतत विकास 2030 के लक्ष्यों को प्राप्त करने में स्वयंसेवा को उसमें समाहित करने की जरूरत बताया है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने दुनिया के सामने सतत विकास के लिए 17 बिंदुओं को रखा है जिससे धरती को सुरक्षित रखने के साथ–साथ असमानता को खत्म करने वाली एक सभ्य व विकसित दुनिया बनाई जा सके। जापान में बुजुर्गों की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एकीकृत देखभाल योजना, चीन में औपचारिक व अनौपचारिक स्वयंसेवा को बढ़ावा देने के लिए नेबरहुड म्युचुअल सहायता कार्यक्रम शुरू किया गया है। जर्मनी में दी फाउंडेशन फॉर कमिटमेंट एंड वॉलियंटरिंग की स्थापना से देशभर के नागरिकों का जुड़ाव मजबूत हुआ है। कॉन्गो, यमन, सूडान जैसे देश महिला हिंसा के विरुद्ध सहयोग के लिए कानूनी और अन्य सहायता के लिए वॉलियंटर्स का उपयोग कर रहे हैं। रूस में मेडिकल छात्रों को शिक्षा और आपातकालीन परिस्थितियों में तत्काल स्वयंसेवा के लिए प्रोत्साहित करने की योजनाएं संचालित हैं। गुयाना, नाइजीरिया, यूनाइटेड अरब अमीरात, उरुग्वे, ब्राजील सहित अनेक देशों ने राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक एजेंसी स्थापित कर खासतौर से युवा स्वयंसेवकों की उपयोगिता को इंगित किया है। सतत विकास के लिए अलग–अलग कौशल युक्त स्वयंसेवक जरूरी भी हैं ताकि समुदाय की जरूरत को पूरा करने में मददगार साबित हों। संयुक्त राष्ट्र स्वयंसेवक स्कीम के अंतर्गत इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए विविध कौशल पृष्ठभूमि के युवाओं को अवसर प्रदान किया जाता रहा है। दुनिया में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश उसी दिशा में आगे बढने का प्रयास कर रहे हैं। भारत में भी युवा एवं समुदाय की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार ने 31 अक्टूबर 2023 को माय युवा भारत पोर्टल का शुभारंभ किया है, ताकि युवाओं को सामुदायिक सेवा के अवसर मिल सकें और इन कार्यों के लिए संस्थागत तंत्र विकसित किया जा सके। इसके माध्यम से सरकारी, गैर सरकारी संगठनों, विभागों, युवाओं को एक प्लेटफार्म पर लाना है ताकि विकास में युवाओं की भागीदारी बढ़ाई जा सके। एक वर्ष में डेढ़ करोड़ युवा इस पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं। सेवा से सीखें कार्यक्रम से युवा जुडने लगे हैं। आने वाले समय में यह नवाचार दुनिया के लिए एक प्रेरणादायी मॉडल बनने की तैयारी में है। देश में एक बड़ा वर्ग स्वयंसेवक के रूप में कार्य करने का इच्छुक है, जिसे उचित अवसर की तलाश है। स्वयंसेवा से स्वयंसेवक का खुद का और समुदाय व क्षेत्र का भी विकास होता है। विषम परिस्थितियों में स्वयंसेवक जीवनदाता बन जाता है। युवा, कार्यशील व्यक्ति और सेवानिवृत्त सभी वर्ग के लोगों को स्वयंसेवा के अवसर मिल सकें, ऐसी जरूरत है। स्वयंसेवा दुनिया को खूबसूरत बना देती है, ऐसी दुनिया बनाने के लिए स्वयंसेवक बहुत जरूरी है।

# छत्तीसगढ़ सरकार ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

छत्तीसगढ़ सरकार आदिवासियों के हित में ठोस कदम उठा रही है। दूरस्थ और पिछड़े वनांचल इलाकों में मूलभूत सुविधाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के अलावा बुनियादी जरूरतों को पूरा करने का काम तेजी से हो रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने ऐसी कई योजनाएं शुरू की हैं जिनके जमीनी स्तर पर व्यापक प्रभाव से जन–जीवन जीवन बदल रहा है। मुख्यमंत्री की पहल पर नियद नेल्लानार योजना से आज आदिवासी परिवारों के जीवन में आशा की नई किरण आई है। इस योजना में माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित नए कैम्पों के आसपास के गांवों का चयन कर शासन के 12 विभागों की 32 कल्याणकारी योजनाओं के तहत आवास, अस्पताल, पानी, बिजली, पुल–पुलिया, स्कूल इत्यादि मूलभूत संसाधनों का विकास किया जा रहा।



दूरस्थ आदिवासी इलाकों से अयोध्या धाम तक सीधी कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री साय की पहल पर भारत सरकार ने हरी झंडी दे दी है। सडकों के विकास को लेकर भी लगातार कार्य किया जा रहा है, जिससे आदिवासी अंचलों तक आवाजाही आसान हुई है। छत्तीसगढ़ सरकार ने 68 लाख गरीब परिवारों को 05 साल तक मुफ्त राशन देने का निर्णय भी लिया, जिसका लाभ बड़ी मात्रा में आदिवासी अंचलों के जरूरतमंद रहवासियों को मिल रहा है।

तेंदूपत्ता वनवासियों की आजीविका का मजबूत स्रोत है, इससे होने वाली आमदनी को बढ़ाते हुए सरकार ने तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक दर 4000 रुपए प्रति मानक बोरा से 5500 रुपए प्रति मानक बोरा किया, जिसका लाभ चालू तेंदूपत्ता सीजन से ही 12 लाख 50 हजार से अधिक संग्राहकों को मिल रहा है। तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए छत्तीसगढ़ सरकार जल्द ही चरण पादुका योजना भी शुरू करने जा रही है, इसके साथ ही उन्हें बोनस का लाभ भी दिया जाएगा।

सुरक्षा और विकास के दोहरे मोर्चे पर काम करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि आज अनुपात के हिसाब से छत्तीसगढ़ का बस्तर देश में सबसे सैन्य संवेदनशील क्षेत्र बन चुका है, बस्तर डिवीजन में प्रत्येक 9 नागरिकों के पीछे एक पैरामिलिट्री का जवान है। जल्द ही इन क्षेत्रों में सुरक्षाबलों के 250 से ज्यादा कैम्प और नियद नेल्लानार से 58 नए कैम्प स्थापित होंगे ताकि सड़क, स्कूल, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं का दायरा बढ़ सके। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में आदिवासी संस्कृति और परम्पराओं को आगे बढ़ाने के लिए बस्तर में प्राचीन काल से चले आ रहे अनेक ऐतिहासिक मेलों को भी शासकीय संरक्षण और आर्थिक सहायता दी जा रही है।

दूरस्थ आदिवासी इलाकों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के सरकार के मजबूत प्रयास से देश के दूसरे सबसे कम साक्षर जिले बीजापुर में नए भविष्य की बुनियाद गढ़ी जा रही है। बीजापुर जिले में माओवादियों द्वारा बंद 28 स्कूल अब मुख्यमंत्री साय की पहल से खुल गए हैं। स्थानीय बोलियों को सहेजने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सरकार ने आदिवासी अंचलों में स्थानीय बोलियों में प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करने का निर्णय नई शिक्षा नीति के तहत आदिवासी समुदायों में शिक्षा की पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा, जिसमें 18 स्थानीय भाषा–बोलियों में स्कूली बच्चों की पुस्तकें तैयार की जा रही हैं। प्रथम चरण में छत्तीसगढ़ी, सरगुजिहा, हल्बी, सादरी, गोंड़ी और कुडुख में पाठ्यपुस्तक तैयार होंगे।

छत्तीसगढ़ सरकार आदिवासी युवाओं के सुनहरे भविष्य की नींव भी मजबूत कर रही है, इसी क्रम में नई दिल्ली के ट्रायबल यूथ हॉस्टल में सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर अब 185 कर दी गई है। इस निर्णय से देश राजधानी में रहकर संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा की तैयारी करने के इच्छुक अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए अब इस हॉस्टल में तीन गुने से भी अधिक सीटें उपलब्ध होंगी। इसी तरह आईआईटी की तर्ज पर राज्य के जशपुर, बस्तर, कबीरधाम, रायपुर और रायगढ़ में प्रौद्योगिकी संस्थानों का निर्माण भी किया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ के माओवादी आतंक प्रभावित जिलों के विद्यार्थियों को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के लिए ब्याज रहित ऋण मिलेगा। शेष जिलों के विद्यार्थियों को एक प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण प्रदान किया जाएगा, जिससे स्वरोजगार की ओर बढ़कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकेंगे।

# भारत में विकास का अध्याय आगे बढ़ता जाएगा

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

हाल में लाओस के वियनतियाने में आयोजित आसियान–भारत शिखर सम्मेलन में आसियान देशों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बैठक के बाद जो बयान जारी किया है, उसके मुताबिक ये देश इस समूचे क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता से असहज और परेशान हैं तथा भारत के साथ आर्थिक, कारोबारी और सुरक्षा संबंधों का नया दौर आगे बढ़ाएंगे।इसी तरह हाल में वर्ल्ड बैंक द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट अक्टूबर, 2024 में कहा गया है कि वैंकि चुनौतियों के बीच चीन के प्रोत्साहन उपायों के बावजूद चीन की अर्थव्यवस्था सुस्त होगी और भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।वर्ष 2024 में चीन की विकास दर घट कर 4.0 फीसद होगी जबकि भारत की विकास दर 6.3 फीसद से अधिक रहेगी। वस्तुतरू भारत के पास उपभोक्ताओं का उभरता हुआ विशाल बाजार, युवाओं में जबरदस्त ढंग से आगे बढने की ललक, उद्यमिता की भावना और सुधार का रवैया वैंकि संघर्ष और चुनौतियों के बावजूद भारत के लिए नये अवसरों का आधार है। गौरतलब है कि विगत 4 अक्टूबर को प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरे कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि रूस–यूक्रेन और इस्राइल–ईरान युद्ध की अनिश्चितता के बीच भी दुनिया का भारत पर असाधारण आर्थिक विश्वास बना हुआ है। मोदी ने कहा कि दुनिया की नजरों में यह युग भारत का युग है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

दुनिया में भारत ग्लोबल फिनटेक एडॉप्शन के मामले में पहले क्रम पर है। इंटरनेट उपभोक्ताओं के मामले में दूसरे क्रम पर है। स्टार्टअप के मामले में तीसरे क्रम पर है, और नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के मामले में चौथे क्रम पर है। इतना ही नहीं, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और मूडीयज जैसी वैंकि एजेंसियां भी वैंकि आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच भारत को दुनिया की सबसे विसनीय और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ–साथ निवेश के पसंदीदा देश के रूप में देख रही हैं। यद्यपि इस समय पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और रूस–यूक्रेन युद्ध के विस्तारित होने के कारण वैंकि अर्थव्यवस्था में गिरावट का दौर बढ़ रहा है, लेकिन फिर भी भारतीय अर्थव्यवस्था में वैंकि विश्वास और तेज विकास के मद्देनजर देसी उद्यमियों के साथ वैंकि उद्यमियों के लिए भी बढ़ते अवसरों का परिदृश्य उभर कर दिखाई दे रहा है।

इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि हाल में दुनिया की ख्याति प्राप्त वित्तीय सेवा फर्म मॉर्गन स्टेनली ने कहा है कि सितम्बर, 2024 के दौरान भारत ने चीन को पीछे छोड़ते हुए खुद को निवेश की पसंदीदा जगह बना लिया है। इसी परिप्रेक्ष्य में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी नई रिपोर्ट–2024 में कहा है कि भारत आर्थिक विकास, विदेशी निवेश और नई तकनीकों के उपयोग की ऊंची संभावनाओं वाला देश है। अमेरिका चेंबर ऑफ कॉमर्स की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024 में अमेरिका की कंपनियों की वैंकि निवेश पसंदगी में भारत का दूसरा स्थान है। इस समय चीन अमेरिकी



निवेशकों की प्राथमिकता खोता जा रहा है। इतना ही नहीं, अमेरिका और चीन में बढ़ते तनाव के माहौल में इस समय चीन में कार्यरत 12 लाख करोड़ रु पये निवेश वाली 50 अमेरिकी कंपनियां अपना कारोबार चीन से समेटने की तैयारी में हैं। इन कंपनियों में से 15 कंपनियां भारत में निवेश की तैयारी कर रही हैं।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि विगत 23 सितम्बर को प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क में एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर काम करने वाली 15 प्रमुख अमेरिकी कंपनियों के सीईओ को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के बहुआयामी क्षेत्रों में दुनिया के लिए अपार आर्थिक मौके हैं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि अब भारत को आर्थिक दुनिया के उभरते सितारे के रूप में देखा जा रहा है, जो भारत की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय साख को दर्शाता है। वैंकि राजनीतिक और आर्थिक मंचों पर भारत को विशेष अहमियत भारत की आर्थिक स्थिति से भी मिल रही है। अमेरिका और रूस, दोनों महाशक्तियों के साथ भारत की मित्रता के नये अध्याय दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा एवं भारतीय बाजार में मौके बढ़ा रहे हैं। निस्संदेह भारत में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, कृषि विकास और बढ़ती ग्रामीण अर्थव्यवस्था देश–दुनिया के कारोबारियों और निवेशकों के लिए मौकों का नया द्वार खोल रहे हैं। देश में खाद्यान्न उत्पादन ऊंचाई बना रहा है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक अब देश की खाद्य सुरक्षा के साथ–साथ वैंकि खाद्य सुरक्षा में अहम भूमिका निभाने के लिए भारत रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। अब भारत दुनिया के खाद्य कटोरे के रूप में रेखांकित हो रहा है। भारत दुनिया के 150 से अधिक देशों को खाद्य पदाथरे के निर्यातक देश के रूप में दुनिया में रेखांकित हो रहा है। भारत दुनिया का आठवां बड़ा कृषि निर्यातक देश बन गया है।

उल्लेखनीय है कि भारतीय शेयर बाजार ऊंचाई पर है, और दुनिया के लिए भारतीय शेयर बाजार में मौके बढ़ रहे हैं। वर्ष 2024 की शुरुआत से भारत में आईपीओ का बाजार गुलजार है। भारत में म्युचुअल फंड (एमएफ) में निवेश छलांगें लगा कर बढ़ रहे हैं। अगस्त, 2024 तक डीमैट खातों की संख्या 17.10 करोड़ के पार हो गई है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि विदेश व्यापार में भारत की नई संभावनाएं दुनिया के लिए नये मौके के रूप में हैं। श्चीन प्लस वन्च रणनीति के तहत भारत दुनिया के सक्षम और भरोसेमंद देश के रूप में वैंकि आपूर्ति श्रृंखला में नई भूमिका निभा रहा है।हम उम्मीद करें कि इस समय पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और रूस–यूक्रेन युद्ध के विस्तारित होने के कारण वैंकि अर्थव्यवस्था में गिरावट के दौर के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी बहुआयामी विशेषताओं के कारण मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी। साथ ही, आर्थिक विकास के रणनीतिक प्रयासों से भारत में विकास का अध्याय आगे बढ़ता जाएगा। साथ ही, रोजगार के मौके भी बढ़ेंगे। इससे देश 2027 में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 में विकसित भारत बनने की डगर पर आगे बढ़ेगा।

# गलत खाते में गया पैसा धोखाधड़ी

आज भारत की 140 करोड़ की आबादी में 120 करोड़ मोबाइल यूजर्स हैं, जिनमें 95 करोड़ से ज्यादा इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं। डिजिटल पेमेंट के मामले में भारत दुनिया में अग्रणी देश है। हम डिजिटल पेमेंट के मामले में अमरीका और चीन जैसे विकसित देशों से आगे निकल चुके हैं। आज आप अपना पर्स घर पर भूल जाएं तो भी मोबाइल से 'बार कोड' स्कैन कर पेमेंट कर सकते हैं। साधारण ठेले पर सब्जी बेचने वाला हो या एक फाइव स्टार होटल में बिलिंग का काउंटर, सब जगह मोबाइल से स्कैन कर पेमेंट आसानी से हो रहे हैं, लेकिन डिजिटल इंडिया के कुछ साइड इफेक्ट्स भी लगातार देखने को मिल रहे हैं। देश में रोजाना सैकड़ों लोग यूपीआइ पेमेंट्स और साइबर फ्रॉड के शिकार हो रहे हैं। पिछले कुछ सालों में लोगों को खरबों रुपयों का नुकसान हो चुका है और यह आंकड़ा दिन–प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।




रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआइ) डिजिटल पेमेंट और ऑनलाइन बैंकिंग के ग्राहकों को और ज्यादा सुविधाएं देने की ओर लगातार कदम बढ़ा रहा है। स्वयं आरबीआइ गवर्नर शक्तिकांत दास दावा कर रहे हैं कि मजबूत डिजिटल सिस्टम से साइबर फ्रॉड के केसों पर लगाम लगेगी, लेकिन जो आंकड़े सामने आ रहे हैं, उनसे तो यह कहीं भी प्रतीत नहीं हो रहा है। रोजाना ऐसी सैकड़ों खबरें देश भर से आती हैं, जिनमें साइबर फ्रॉड के शिकार लोग अपनी पीड़ा बता रहे होते हैं। वैसे यूपीआइ पेमेंट को लेकर सरकार ने कानून और नियम बनाए हैं, जैसे अगर किसी गलत खाते में पैसे चले जाएं तो रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के नियमों के मुताबिक पैसा मिलने वाले व्यक्ति को उन्हें वापस लौटना होगा। पैसा वापस न करने पर धोखाधड़ी मानी जाएगी और कार्रवाई हो सकती है। जिन ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी हुई है, उन्हें तत्काल अपने बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र को धोखाधड़ी की सूचना देनी होती है। उन्हें धन वापसी की मांग करनी होती है। जिसके साथ धोखाधड़ी हुई है, वो स्थानीय साइबर पुलिस थाने में भी शिकायत दर्ज करा सकता है। सरकार ने एक हेल्पलाइन नंबर 1930 भी जारी किया है, जिस पर भी कॉल किया जा सकता है। साथ ही, जो व्यक्ति यूपीआइ पेमेंट से लेन–देन कर रहे हैं, उन्हें भी कुछ विशेष बातों का ध्यान रखने की आवश्यकता है। एक तो वो किसी के साथ भी अपना यूपीआइ पिन, पासवर्ड या ओटीपी शेयर न करें। किसी अनजान नंबर से आने वाले मैसेज, ई–मेल या वॉट्सएप के लिंक को न खोलें। बैंकों के सर्वर में सेंध लगाने की बात हो या डिजिटल पेमेंट की प्रक्रिया में घुसने की, साइबर चोर अपनी गिद्ध निगाहें बनाए हुए हैं। उन्होंने एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार कर लिया है, जिसे भेद पाना सुरक्षा एजेंसियों के लिए भी बेहद मुश्किल हो रहा है। सरकार डिजिटल पेमेंट्स की धोखाधड़ी को लेकर लगातार जनता को जागरूक कर रही है, लेकिन सख्त साइबर सिक्योरिटी से ही ऐसे फ्रॉड्स को रोका जा सकता है। डिजिटल पेमेंट करने वाले लोगों को भी इस ओर ध्यान देने की जरूरत है, सावधानी में ही बचाव है। भारत दुनिया में डिजिटल इंडिया का चौंपियन बन रहा है, यह अच्छा है, लेकिन जिन लोगों ने अपना पैसा गंवा दिया है, अपनी गाढ़ी कमाई को साइबर फ्रॉड्स के हाथों जाने दिया है, उनको सरकार से राहत की उम्मीद है। डिजिटल पेमेंट तो तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन फ्रॉड को रोकना सरकार का पहला दायित्व होना चाहिए। यदि ऐसा नहीं होता है और धोखाधड़ी की संख्या बढ़ती है तो करेंसी नोट पर लौटने में जनता को ज्यादा समय नहीं लगेगा। डिजिटल इंडिया को लेकर जनता के बीच में विश्वास बनाए रखना बेहद जरूरी है। सख्त कानून के साथ उसकी पालना से ही बात बनेगी, तभी डिजिटल इंडिया का सपना पूरी तरह साकार होगा।

## नजर रखनी होगी

बांग्लादेश के बाद अब सीरिया में तख्तापलट की घटना को भारत को गंभीरता से लेना होगा। भले ही सीरिया, बांग्लादेश की तरह भारत का पड़ोसी नहीं हो लेकिन यह तख्तापलट भारत के लिए राजनीतिक व आर्थिक चिंताओं का सबब बन सकता है। अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल असद के रूस भाग जाने के बाद मोहम्मद अल–बशीर को देश का अंतरिम पीएम बना दिया गया। अल–बशीर, विद्रोही आतंकी समूह हयात तहरीर अल–शम के एक प्रमुख अधिकारी और पॉलिटिकल चीफ भी हैं। हालांकि भारत सीरिया के घटनाक्रम पर नजर रखते हुए वहां शांति और स्थिरता की बहाली की बात पहले ही कह चुका है। भारत और सीरिया के बीच द्विपक्षीय संबंध गुटनिरपेक्ष आंदोलन के दौर से चले आ रहे हैं। दोनों देशों का सांस्कृतिक और राजनीतिक मेलजोल भी ऐतिहासिक रूप से मजबूत रहा है।

सीरिया में खाड़ी देशों की तरह भारतीय प्रवासियों की वैसे बड़ी आबादी नहीं है, लेकिन भारत ने असद शासन के साथ भी हमेशा अपने रिश्ते बनाए रखे। इतना ही नहीं सीरिया में 2011 में शुरू हुए गृहयुद्ध के दौरान में भी भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सीरिया की संप्रभुता के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। भारत ने दमिश्क में अपना दूतावास जारी रखा, जो दोनों देशों के बीच मजबूत राजनयिक संबंधों का प्रतीक है। तख्तापलट की इस घटना के बाद आशंका यही बनने लगी है कि सीरिया में इस्लामिक स्टेट (आइएसआइएस) और अन्य आतंकवादी संगठनों के उभरने का खतरा बढ़ सकता है। दमिश्क में आतंकी संगठन सत्ता पर काबिज होते हैं तो भारत को आतंकवाद के खिलाफ अपने रुख को देखते हुए सीरिया के साथ भी वैसा ही बर्ताव करना होगा जैसा आतंकवाद को पोषित करने वाले दूसरे देशों के साथ। हमें यह भी देखना होगा कि भारत और सीरिया के बीच पावर प्लांट, आइटी इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टील प्लांट आधुनिकीकरण और तेल क्षेत्र में आर्थिक साझेदारी भर है। भारत से सीरिया को दवाइयां, कपड़े और मशीनरी जैसे उत्पाद निर्यात किए जाते हैं, जबकि सीरिया से भारत रॉक फॉस्फेट और कपास आयात करता है। यह साझेदारी दोनों देशों के आर्थिक हितों के लिए बनी रहना भी महत्त्वपूर्ण है। सीरिया में राजनीतिक अस्थिरता के मौजूदा दौर में भारत को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की जरूरत है। उसे न केवल अपने पारंपरिक साझेदारों के साथ संतुलन बनाए रखना होगा बल्कि मिडिल ईस्ट में अपनी रणनीतिक स्थिति को मजबूत रखते हुए नई सामरिक चुनौतियों पर भी नजर रखनी होगी।

# अखिलेश ने मुख्यमंत्री के बयान को आड़े हाथों लिया

## 50 से 60 करोड लोग ही आए व्यवस्था कैसे फेल हो गई?

कानपुर । रविवार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का नगर में शादी समारोह में शामिल होने आये थे मिल्कीपुर चुनाव को लेकर कहा कि ये अयोध्या का बदला नहीं हो सकता है बेईमानी के लिए बाद में चुनाव कराया गया भाजपा सबसे भ्रष्ट, नाले साफ नहीं३बजट साफ कर देती है अगले चुनाव भाजपा की चार सौ बीसी नहीं चलने देंगे पूर्व विधायक सतीश निगम की बेटी की शादी में रॉयल मंदाकिनी पैलेस साकेत

**➤ नगर पहुंचे सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा डबल इंजन की सरकार ने किया डबल ब्लंडर**

नगर पहुंचकर वर–वधू को आशीर्वाद दिया वही, सपा नगर के कोषाध्यक्ष नंदलाल जायसवाल के बेटे की शादी में उनके निवास डी ब्लॉक श्याम नगर पहुंचकर वर–वधू को आशीर्वाद दिया महाकुंभ पर अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने 100 करोड लोगों की कुंभ में आने की व्यवस्था की थी, लेकिन आए सिर्फ 50 से 60 करोड लोग तो आपकी व्यवस्था कैसे फेल हो गई।

144 साल का मुद्दा भाजपा ने खुद परिभाषित कर लिया है कुंभ में राष्ट्रपति से लेकर उपराष्ट्रपति प्रधानमंत्री अन्य राज्यों के बड़े–बड़े मंत्री विपक्ष के नेता कुंभ स्नान के लिए आए इस कुंभ में दुनिया और अन्य राज्यों से बड़े–बड़े मिनिस्टर आए, इन लोगों के लिए व्यवस्था तो थी लेकिन आम जनता के लिए कोई व्यवस्था नहीं की थी जिनको श्रद्धा थी कुंभ से आप इतिहास पलट कर देखें जहां से इतिहास शुरू होता है कुंभ का आयोजन सम्राट हर्ष वर्धन जो कन्नौज



के राजा थे वैसे तो पौराणिक है उससे पहले का इतिहास किसी के पास नहीं है इतिहास बताता है कि सम्राट हर्षवर्धन ने कुंभ आयोजन करने की शुरुआत की थी इस कुंभ में अलग–अलग धर्म के लोग आते थे स्नान होता था दान होता था यह लोग अपने लिए ही कुंभ का प्रचार कर रहे हैं इस अवसर पर सपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार अपने काले कारनामे तथा कुकृत्यो को छुपाने के लिए विपक्ष पर हमलावर होकर तथा विकास विरोधी बातें करके जनता को मुख्य मुद्दों से ध्यान हटाकर जनता को गुमराह कर रही है यह सरकार बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का अपमान करके खुलेआम संविधान की धज्जियां उड़ा रही है। देश व प्रदेश के लोकतंत्र को समाप्त कर देना चाहती है हिंदू मुस्लिम जात–पात छुआछूत ऊंच नीच के नाम पर समाज को दो भागों में बांटकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेक रही है, लेकिन जनता के सामने भाजपा की काली करतूतों काला चिट्ठा सामने आ गया है जनता का भाजपा से विश्वास उठ गया है विकास कार्य पूरी तरह ठप्प हो गए हैं, सिर्फ कागजों पर देश व प्रदेश का विकास भरपूर हो रहा है सपा का पीडीए मिशन ही भाजपा सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकेगा क्योंकि पीडीए ही समाज के हर वर्ग के विकास और उन्नत के बारे में हमेशा सोचता रहता है पीडीए के बढ़ते प्रभाव से भाजपा सरकार बौखला गई है और आने वाले 2027 के चुनाव में प्रदेश से भाजपा का पूरी तरह सुपड़ा साफ होगा इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधायक नसीम सोलंकी, अमिताभ बाजपेई, हसन रुमी और नगर ईकाई के सपाई मौजूद रहे।

## मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केंद्र के भवन का शिलान्यास



अयोध्या।(आरएनएस ) बीकापुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मुकीमपुर पहाड़पुर, शाहगंज में मानसिक मंदित दिव्यांगजन हेतु नवीन मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केंद्र के भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास बीकापुर विधायक डॉक्टर अमित सिंह चौहान द्वारा किया गया। यह निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड (यू.पी.आर.एन.एस.एस.) निर्माण प्रखंड अयोध्या द्वारा किया जाएगा, जिसकी कुल स्वीकृत लागत रुपए 974.45 लाख है, जिसमें पंप रूम बाउंड्री वॉल, ओ.एच.टी–50 किलो लीटर, सीसी रोड व इंटरलॉकिंग कार्य है। कार्यक्रम का संचालन श्री गिरीश तिवारी ने किया। शिलान्यास कार्यक्रम में उपनिदेशक दिव्यांगजन अधिकारी, जिला दिव्यांगजन अधिकारी, अनिल उपाध्याय मंडल अध्यक्ष, राजाराम तिवारी, बलवंत पासवान क्षेत्र पंचायत सदस्य, नंदलाल चौहान पूर्व प्रधान, मुकेश गौड़, सुरेश कोरी, लल्लन दुबे प्रधान, ओमप्रकाश चौहान, राम लखन पांडे, संजय गुप्ता, परमेश पांडे पूर्व प्रधान, सोनू सिंह प्रधान, अवधेश मिश्रा प्रधान, मनीष पांडे प्रधान, शरद तिवारी, मोनू पांडे व कार्यदायी संस्था के अभियंता गण व समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## निकाह का भरोसा देकर दुष्कर्म का प्रयास

चित्रकूट। छतरपुर जिले की किशोरी सीतापुर चौकी क्षेत्र के एक मोहल्ला पहुंची। आरोप लगाया कि यहां के रहने वाले एक युवक ने उसे छतरपुर से निकाह का भरोसा देकर बुलाया। इसके बाद एक पुलिस वर्दीधारी के कमरे में तीन अन्य युवकों के साथ प्रेमी ने दुष्कर्म का प्रयास किया।छतरपुर जिले की एक महिला ने बताया कि छतरपुर में रहने वाले चित्रकूट के एक युवक से उसकी पुत्री का प्रेम संबध हो गया था। सीतापुर निवासी हबीब ने उसे बंगाल ले जाकर निकाह करने व धर्म परिवर्तन कराने के लिए फोन कर बुलाया। शादी करने के लिए उसकी पुत्री भागकर यहां आ गई। पुत्री ने बताया कि एक वर्दी धारी के कमरे में उसे हबीब ने रूकवाया। इसी कमरे में उसके साथ हबीब के तीन दोस्तों ने छेडखानी कर दुष्कर्म का प्रयास किया।

## संक्षेप

### योजनाओं की दी जायेगी जानकारी

प्रतापगढ़। जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी नन्द लाल पटेल ने बताया है कि उ0प्र0 खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड की विपणन सहायता योजना (एस0सी0एस0पी0) के अन्तर्गत विभाग में संचालित योजनाओं के प्रचार हेतु प्रत्येक तहसील के किसी ब्लाक मुख्यालय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होने बताया है कि जागरूकता शिविर का आयोजन विकास खण्ड परिसर सदर में 12 फरवरी, विकास खण्ड परिसर गौरा में 14 फरवरी, विकास खण्ड परिसर लक्ष्मणपुर में 19 फरवरी, विकास खण्ड परिसर बिहार में 22 फरवरी एवं विकास खण्ड परिसर पट्टी में 27 फरवरी को अपरान्ह 1 बजे से किया जायेगा।

### उद्यान विभाग के सुझावों को अपनाये

प्रतापगढ़। जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया है कि फरवरी माह मेले के कृषकों के लिये बहुत महत्वपूर्ण होता है। दिसम्बर और जनवरी माह में तापमान में गिरावट आने के कारण पौधों की बढ़वार रूक जाती है और जैसे ही फरवरी माह में तापमान में बढ़ोत्तरी होता है तो पौधे पुनः बढ़ना शुरू होने लगता है, ऐसे में केले के पौधों को निर्धारित डोज (खुराक) की आवश्यकता होती है। केले की अच्छी पैदावार के लिये 10 फरवरी तक पौधों के जड़ों के पास यूरिया 60 ग्राम तथा 0:0:50–20 ग्राम प्रति पौधा देना चाहिये। 20 से 25 फरवरी तक एन0पी0के0 20:20:20–75 ग्राम, मैक्स 75 ग्राम तथा स्टीकर–50 मिली0 प्रति टैंक के हिसाब से छिड़काव करें। अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी कटरा रोड में सम्पर्क कर सकते है।

### शादी अनुदान योजना का उठाये लाभ

प्रतापगढ़। जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया है कि चालू वित्तीय वर्ष 2024–25 में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी अनुदान दिया जाना है जिसमें अनुसूचित जाति के 177 एवं सामान्य वर्ग के 78 लाभार्थियों को लाभान्वित किये जाने हेतु लक्ष्य निर्धारित है। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र राज्य इकाई लखनऊ के द्वारा संचालित वेबसाइट ीजजचरूध्ध् ेंकपंदनकंदण्नचेकबण्हवअण्पद के माध्यम से आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त कर पात्र आवेदकों को योजनान्तर्गत प्रथम आगत प्रथम पावत सिद्धान्त के अनुरूप बजट की सीमा तक लाभान्वित किया जाना है। आवेदन के समय आय प्रमाण पत्र (ग्रामीण क्षेत्र हेतु रूपये 46080 एवं शहरी क्षेत्र हेतु रूपये 56460), जाति प्रमाण पत्र, शादी कार्ड, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक लगाना अनिवार्य है।

### 477 परिषदीय विद्यालयों का निपुण असेसमेंट टेस्ट सोमवार से

बस्ती(आरएनएस )। जिले के 477 परिषदीय विद्यालयों का निपुण आकलन सोमवार से किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने बताया कि पहले चरण में 179 विद्यालयों का आकलन हो चुका है जिसमें अधिकतर विद्यालय निपुण पाए गए हैं। बताया कि सरकार द्वारा निपुण भारत अभियान चलाया गया है। विशेष जोर परिषदीय स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने पर है। इसके जरिए बच्चों को हिंदी एवं गणित में निपुण किया जा रहा है। बताया कि राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देश के क्रम में डीएलएड प्रशिक्षुओं की ड्यूटी आकलन के लिए लगाई गई है। निपुण भारत मिशन के प्रभारी डायट प्रवक्ता अलीउद्दीन खान ने बताया कि निपुण एसेसमेंट टेस्ट 17 फरवरी से शुरू होकर 28 फरवरी तक चलेगा। डायट प्रशिक्षुओं को असेसमेंट के लिए विद्यालय आवंटित कर दिए हैं वह अपने – अपने आवंटित विद्यालय का आकलन करेंगे। बताया कि पूरे जनपद से असेसमेंट के लिए 477 विद्यालय चयनित किए गए हैं जिसमें बस्ती सदर के 50, बनकटी के 36, कुदरहा के 33, सल्टौआ के 51, रामनगर के 46, साऊँघाट के 32, गौर के 42, रुधौली के 38, कप्तानगंज के 17, परसरामपुर के 26, दुबौलिया के 27, हरैया के 25, विक्रमजोत के 30, बहादुरपुर के 24 विद्यालय शामिल हैं। बताया कि डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा ऑनलाइन एप के माध्यम से जो असेसमेंट किया जाएगा उसकी सूचना सीधे राज्य परियोजना कार्यालय को जाएगी।

### कार्यवाही किए जाने के दिए निर्देश

कानपुर । शासन के निर्देश में अर्बन एवं रूरल पीएचसी में आरोग्य मेला आयोजित किए जाने के निर्देश के क्रम में जनपद में आरोग्य मेले का आयोजित किया जा रहा है, जिसका जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा बिरहाना रोड पटकापुर स्थित नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान यह पाया गया की ड्यूटी में उपस्थित डॉ दीप्ति गुप्ता द्वारा फर्जी अभिलेख तैयार करते हुए मरीजों के नाम रजिस्टर में दर्ज किए गए थे जिसके संदर्भ में जिलाधिकारी द्वारा एक मरीज से फोन पर वार्ता की गई की क्या आप आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आए थे उनके द्वारा बताया गया कि वह कभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं आए थे इस पर जिलाधिकारी द्वारा डॉक्टर दीप्ति से उनके द्वारा फर्जी तरीके से अभिलेखों में नाम दर्ज करने के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि उन्होंने फर्जी तरीके से नाम दर्ज किए हैं इसके संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित डॉक्टर दीप्ति के खिलाफ कार्यवाही किए जाने के निर्देश उपस्थित प्रभारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को दिए साथ ही पर्यवेक्षक अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय करते हुए उनके खिलाफ भी कार्यवाही किए जाने हेतु शासन को पत्र प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए।

### सेवा के साथ पेड़ वाले बाबा गौहर अली ने लगाये 25 आम के पौध



बस्ती(आरएनएस )। पेड वाले बाबा के नाम से प्रसिद्ध गौहर अली के संयोजन में रविवार को भदावल के मिनी बोटैनिकल गार्डन में सूखे हुए पौधों को रिप्लेस करके नए आम के भिन्न–भिन्न प्रकार के 25 पौधों को लगाया गया। कुछ पौधे पिछले बारिश में जल जमाव के वजह से सूख गए थे । पौधों की नीराई गुडाई के साथ पौधों के लिए थाला बनाया गया जिससे एक बार सिंचाई करके कई दिनों तक नमी बरकरार रहे। गुलाब खास, चौसा, कपूरी ,आम्रपाली ,जर्दालू (बिहार का मशहूर आम ) गौर जीत , फजली आदि के पौध रोपे गये।गौहर अली ने कहा कि कुछ लोग पौधों को काटने पर तुले हुए हैं हमलोग पौधों को लगाने और उन्हें संरक्षण करने पर तुले हैं । पर्यावरण रक्षा के लिये सरकार से लेकर समाज सबको आगे आकर जमीनी धरातल पर ठोस उपाय करने होंगे। पौधा रोपण और पौधों की नीराई गुडाई में गौहर अली के साथ मुख्य रूप से ग्राम प्रधान रोशन अली, अमन, प्रभाकर सिंह, चन्द्रभान, अमानु आदि ने योगदान दिया।

### बेवजह किए जा रहे चालान

चित्रकूट। हर प्रमुख चौराहे पर यातायात विभाग के कई सिपाही बाहरी वाहनों की फोटो खींचकर चालान करने में जुटे हैं। गुजरात के हरवंश लाल व महाराष्ट्र के संदीप सक्सेना ने बताया कि उनके वाहनों को चौराहे पर बेवजह रोककर कुछ सिपाहियों ने फोटो खींची। कारण पूछने पर बताया कि उनका चालान होगा। इस संबध में सीओ सिटी राजकमल ने बताया कि उनके पास अभी कोई ऐसी शिकायत नहीं आई है। जानकारी कराई जाएगी। किसी को बेवजह परेशान नहीं किया जाएगा।

## अनियमितताओं का एक बड़ा मामला आया सामने

आजमगढ़। जिले के मौजा कोटिला में सरकारी धन के गबन और योजनाओं में अनियमितताओं का एक बड़ा मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामवासियों ने मौजूदा ग्राम प्रधान पंकज जैसवाल और पंचायत सचिव पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, और इंटरलॉकिंग सड़कों के कार्यों में भारी पैमाने पर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। ग्रामवासियों के अनुसार, प्रधान ने अपने करीबी रिश्तेदारों और बाहरी लोगों के नाम पर आवास योजना का पैसा हड़प लिया, जबकि वास्तविक जरूरतमंद परिवार आज भी बिना छत के रहने को मजबूर हैं। ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां पहले से ही विदेश में रहने वाले लोगों के नाम पर आवास स्वीकृत कर धनराशि का गबन किया गया। इतना ही नहीं, कई लाभार्थियों को आधा–अधूरा पैसा देकर कागजों में पूरा भुगतान दिखाया गया।इसी तरह, इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण में भी बड़े पैमाने पर धांधली की गई। पुलिया पोखरी से मतीउल्लाह के खेत तक बिछाए गए ईंटों को हटाकर निम्न गुणवत्ता की ईंटें लगाई गईं, लेकिन भुगतान उच्च गुणवत्ता की सामग्री के हिसाब से लिया गया। अनुसूचित जाति बस्ती में भी नाली निर्माण में घटिया सामग्री इस्तेमाल कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया। इसके अलावा, प्रधानमंत्री शौचालय योजना के अंतर्गत पहले से निर्मित शौचालयों को फिर से दिखाकर दोबारा भुगतान ले लिया गया। खुरशेद की गली में पहले से बनी सीमेन्ट ईंट सड़क पर दोबारा मिट्टी डालकर इंटरलॉकिंग का फर्जी भुगतान लिया गया। ग्रामवासियों ने इस भ्रष्टाचार के खिलाफ जिलाधिकारी, आयुक्त, और मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस गबन की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए ।

## भाषा और गणित एवं लेखन आदि में बच्चों को निपुण लक्ष्य प्राप्त कराना आवश्यक

सीतापुर(आरएनएस )। आगामी सोमवार को होने वाले निपुण भारत मिशन आकलन परीक्षा को सफल बनाने के उद्देश्य से लहरपुर ब्लॉक संसाधन केंद्र पर एक कार्यशाला का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी ओमकार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यालय में उन्होंने आकलन के समय बरती जाने वाली सावधानियों और बच्चो की उपस्थित को बेहतर बनाने आदि मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यशाला में प्राथमिक विद्यालय एवम कंपोजिट जूनियर हाईस्कूल के प्रधानाध्यापक सम्मिलित हुए। कार्यशाला में मौजूद शिक्षकों को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ओमकार सिंह ने कहा कि, ये आकलन बहुत ही महत्वपूर्ण है इस आकलन से ही विद्यालय के स्तर का निर्धारण होगा, विद्यालय को निपुण बनाने के लिए आकलन में अधिक से अधिक छात्रों की उपस्थित आवश्यक है।




## ब्लाक सदर में जागरूकता शिविर का किया आयोजन

प्रतापगढ। उ0प्र0 खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की विपणन विकास सहायता योजना के अन्तर्गत विभाग में संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के प्रचार प्रसार हेतु विकास खण्ड सदर परिसर में नगर अध्यक्ष भाजपा आलोक गर्ग की अध्यक्षता में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप उर्फ गोल्डी सिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन रहेन्द्र कुमार शुक्ला सहायक विकास अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धर्मेन्द्र चौरसिया नगर महामंत्री भाजपा, मनीष सिंह युवा नेता भाजपा, रणजीत सिंह ग्राम प्रधान, माटीकला के प्रशिक्षक सुधीर प्रजापति, उद्यमीगण गोपाल चन्द्रा, जीआर विश्वकर्मा, बलवन्त पटेल, पंकज विश्वकर्मा तथा कार्यक्रम प्रभारी राम अजीत पटेल के साथ कार्यालय के श्याम बहादुर यादव, रमेश द्विवेदी एवं सिद्धान्त मौर्या आदि लोग उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी नन्द लाल पटेल द्वारा दी गयी है।

## बाँसगाँव में किसान दिवस का हुआ आयोजन

मिल्कीपुर–अयोध्या(आरएनएस )। आकाशवाणी अयोध्या, दूरदर्शन के किसान चौनल डीडी किसान तथा इफको के संयोजन में 15 फरवरी को बाँसगाँव विकासखंड अमानीगंज में प्रगतिशील किसान उमानाथ शुक्ल के घर किसान

**➤ विशेषज्ञों ने किसानों की समस्याओं पर की चर्चा, अधिकारियों ने योजनाओं की दी जानकारी**

दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र मसौधा और कृषि विज्ञान केंद्र प्रांती अंबेडकरनगर के वैज्ञानिकों तथा कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के विशेषज्ञों ने किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। जिले के अन्य अधिकारियों ने कृषि, पशुपालन, फसल सुरक्षा, गन्ना विभाग और उद्यान विभाग से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी।

इफको संस्था व ड्रोन दीदी द्वारा



ड्रोन मशीन से दवा और खाद का छिड़काव प्रदर्शित किया गया। किसानों के बीच प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। साथ ही, कृषि विभाग द्वारा 90 प्रतिशत अनुदान पर मक्का बीज उपलब्ध कराया गया। विभिन्न बीज कंपनियों के स्टाल लगाकर प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। मनोरंजन के लिए लोक कलाकार ओम प्रकाश निराला की संगीत मंडली ने अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया। ओमकार सेवा संस्थान द्वारा महिलाओं द्वारा केले के रेशे से बने उत्पादों की भी प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या कृष्ण कुमार सिंह (आईएएस) ने की। उन्होंने किसान उमानाथ शुक्ल के गेहूँ के खेत का निरीक्षण किया और प्रसन्नता जाहिर की। इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक ए. के. सिंह और आकाशवाणी अयोध्या के निदेशक संजय धर द्विवेदी ने बताया कि किसानों के इस कार्यक्रम का प्रसारण एफएम रेडियो अयोध्या व दूरदर्शन के डीडी किसान चौनल पर किया गया। कार्यक्रम के आयोजक उमानाथ शुक्ल और प्रबंधक अजित कुमार मिश्र ने किसानों से समय पर पहुँचकर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की थी। इस आयोजन में 250 से अधिक किसान मौजूद रहे।

## निर्धन कन्याओं के विवाह हेतु वस्त्रों का हुआ वितरण

कानपुर । जय बाबा आनन्देश्वर सर्वजातीय सेवा संस्थान के द्वारा निःशुल्क 11 निर्धन कन्याओं के विवाह हेतु वस्त्र वितरण सत्संग हाल शनि देव मंदिर के सामने परमट व आनन्देश्वर मन्दिर में सम्पन्न हुआ उसी दौरान बिटियों को लहंगा ज्वैलरी व हल्दी व मेंहदी के रस्म की साड़ी और लड़के व लड़की की मां को भी साड़ियां संस्था के द्वारा दी गई उसी दौरान लड़कों को सफारी सूट का कपड़ा, पगड़ी व नोटों की माला दिया गया।

और दोनों को संस्था के 51–51कार्ड भी संस्था के द्वारा दिया गया लड़कियां मुस्कराती रहीं। संस्था के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह पिंटू ठाकुर के संरक्षण में यह कार्य संपन्न हुआ उसी दौरान उन्होंने कहा कि हमारी यह बहनें है समाज के लोग हमें सहयोग कर रहे हैं और यह शादी हम अपनी बहन व बेटियों की करा रहे हैं मुख्य रूप से कन्धे से कन्धा मिलाकर सहयोग करने वाले पुरोहित पुकुन तिवारी, उमेश शुक्ला टिंकू भइया, एडवोकेट सुशील पांडेय, एडवोकेट संतोष शर्मा उर्फ लालू, राहुल निगम वारसी, दुर्गेश यादव, पंकज गुप्ता, संजीव अवस्थी, अनिल गौतम महिला मंडल में एडवोकेट अपर्णा नरेन्द्र सिंह, प्रीति अवस्थी, सुनीता पैंथर, उमा शर्मा, सीमा शुक्ला, मोहिनी तिवारी, क्षमा शिवहरे गुप्ता एडवोकेट, प्रतिभा सोनी आदि मौजूद रहीं अनाथ बेटियों के सपनों को लगा रहे पंख 23 फरवरी को लगेगी बिटियों को हल्दी, 24 फरवरी को हाथों में लगेगी मेंहदी, 25 फरवरी को आगमन गेस्ट हाउस में होगा ।

## गन्ना मूल्य 500 रूपया प्रति क्विंटल करने की मांग

बस्ती(आरएनएस )। रविवार को भारतीय किसान यूनियन की बैठक लोहिया मार्केट परिसर में जिलाध्यक्ष गौरीशंकर चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में किसान समस्याओं पर व्यापक विचार विमर्श के साथ ही अधिकारों के लिये संघर्ष की रूप रेखा पर विचार किया गया।

भाकियू के पूर्वान्चल अध्यक्ष अनूप कुमार चौधरी, प्रदेश सचिव दिवान चन्द पटेल, पूर्वान्चल उपाध्यक्ष शोभाराम ठाकुर, मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र कुमार चौधरी, मण्डल उपाध्यक्ष जयराम चौधरी आदि ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि केन्द्र और उत्तर प्रदेश की सरकार किसान हितों के प्रति गंभीर नहीं है। वक्ताओं ने मांग किया कि गन्ने का मूल्य 500 रूपया प्रति क्विंटल करने के साथ ही फसल सुरक्षा के लिये जंगली और जानवरों पर रोक लगाया जाय। कहा कि सरकारी स्तर पर संचालित गौशालायें आवारा पशुओं को नियंत्रित करने में अक्षम है। भाकियू नेताओं ने एक स्वर से कहा कि पशु बाजार को फिर से शुरू कराया जाय। इसके बंद होने से किसानों को काफी असुविधा हो रही है। भाकियू की बैठक में फसलों का उचित मूल्य दिये जाने, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू किये जाने, खेती किसानी में बढती लागत को देखते हुये मूल्य तय किये जाने, मुण्डेरवा चीनी मिल द्वारा फैलाये जा रहे प्रदूषण को नियंत्रित करने आदि का मुद्दा छाया रहा। वक्ताओं ने यह भी कहा कि चीनी मिले किसानों को समय से भुगतान नहीं दे रही हैं और गन्ना पर्ची के लिये भी किसानों को भटकना पड़ रहा है। वाल्टरगंज चीनी मिल पर वर्षो से बकाया राशि गन्ना किसानों को नहीं मिली। भाकियू की बैठक में खतौनी को प्रति वर्ष बनवाये जाने, डाटा अपलोड किये जाने और खतौनी, आधारकार्ड, बैंक पास बुक के मिलान में आ रही समस्याओं के त्वरित निदान हेतु व्यवस्था किये जाने की मांग उठायी गई।

## नैक में मिलेगा उच्च ग्रेडः डॉ. पंकज एल जॉनी

अयोध्या(आरएनएस )। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल के दिशा–निर्देशन में शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में नैक मूल्यांकन कराये जाने को लेकर कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी डॉ. पंकज एल जॉनी ने समीक्षा बैठक की। सर्वप्रथम विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने डॉ. जॉनी का स्वागत किया एवं तीन वर्षो की नैक मूल्यांकन के लिए एक्यूएआर (वार्षिक गुणवत्ता आश्वासन रिपोर्ट) सबमिट किए जाने से अवगत कराया। कुलपति ने कहा कि कुलाधिपति के कुशल मार्ग–दर्शन में विश्वविद्यालय नैक मूल्यांकन उच्च ग्रेड प्राप्त करने के लिए प्रयत्नशील है। निश्चित ही सभी के सद्प्रयास से सफल होंगे।

समीक्षा बैठक में डॉ. पंकज एल जॉनी ने नैक के सभी मापदण्डों के प्रभारियों के साथ तैयारियों को लेकर पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से परखा। उन्होंने प्रभारियों से कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की बात की जाये तो यह किसी एक शिक्षक के कारण नही होती। इसमें सभी शिक्षकों की भागीदारी आवश्यक है। तभी विश्वविद्यालय एवं संस्थान उच्च गुणवत्तापरक शिक्षा के लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे और ए प्लस प्लस की रैंक प्राप्त हो सकेगी। बैठक में डॉ. जॉनी ने कहा कि कुलाधिपति के प्रयासो से अब नैक मूल्यांकन में बाइनरी शब्द हटाकर बेसिक शब्द जोड़ा गया है। इन्ही के सद्प्रयास से इस प्रक्रिया को अब और सरल कर दिया गया है। बैठक में प्रभारियो से कहा कि हर कार्य को टीम में बांटे तभी आप अपग्रेड हो पायेंगे। शिक्षक शिक्षण व्यवस्था का निर्णय ले, अधिकार आपके पास है। हर विभाग सक्रिय रूप से राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय कांफ्रेस, वर्कशाप के आयोजनों में विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित करें। उन्होंने नैक की समीक्षा करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने का यही सही समय है। शक्ति का केन्द्रीकरण नही होना चाहिए। कोई भी मूल्यांकन एजेंसी यही चाहती है कि संसाधनों का बेहतर उपयोग हो। विशेष कार्याधिकारी डॉ. पंकज जॉनी ने एक्यूएआर की समीक्षा करते हुए डॉक्यूमेंट्स प्रमाण के साथ लगाने का निर्देश दिया। कहा कि जीओ टैग से युक्त फोटोग्राफ्स से कार्यक्रम की प्रमाणिकता सिद्ध होगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने छात्रों से फीडबैक के लिए पॉलिसी बनाने का सुक्षाव दिया। कहा कि इससे छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित होगी। बैठक में डॉ0 जॉनी ने विधि विभाग में मूट कोर्ट का आयोजन निश्चित समयावधि में कराये जाने का सुक्षाव दिया और प्रयोगशालाओं को सक्रिय करने के लिए शिक्षकों को निर्देशित किया।



## महाकुम्भ 2025 के दौरान रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

भारतीय रेल द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि महाकुम्भ 2025 के दौरान निम्नलिखित रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है।

### रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

| गाड़ी सं. | स्टेशन से स्टेशन तक | निर्धारित मार्ग | परिवर्तित मार्ग | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|
| **दिनांक 22.02.2025 (शनिवार) को प्रयागराज जं. पर आने वाली रेलगाड़ी** | | | | |
| 12506 | आनन्द विहार-कामाख्या | गाजियाबाद-प्रयागराज-पं. दीनदयाल उपाध्याय | गाजियाबाद-मुरादाबाद-लखनऊ-पं. दीनदयाल उपाध्याय | 22.02.25 |
| **दिनांक 23.02.2025 (रविवार) को प्रयागराज जं. पर आने वाली रेलगाड़ियाँ** | | | | |
| 15657 | दिल्ली-कामाख्या | गाजियाबाद-प्रयागराज-पं. दीनदयाल उपाध्याय | गाजियाबाद-मुरादाबाद-लखनऊ-पं. दीनदयाल उपाध्याय | 22.02.25 |
| 12506 | आनन्द विहार-कामाख्या | | | 23.02.25 |
| **दिनांक 24.02.2025 (सोमवार) को प्रयागराज जं. पर आने वाली रेलगाड़ियाँ** | | | | |
| 15657 | दिल्ली-कामाख्या | गाजियाबाद-प्रयागराज-पं. दीनदयाल उपाध्याय | गाजियाबाद-मुरादाबाद-लखनऊ-पं. दीनदयाल उपाध्याय | 23.02.25 |
| 12506 | आनन्द विहार-कामाख्या | | | 24.02.25 |
| **दिनांक 25.02.2025 (मंगलवार) को प्रयागराज जं. पर आने वाली रेलगाड़ियाँ** | | | | |
| 15657 | दिल्ली-कामाख्या | गाजियाबाद-प्रयागराज-पं. दीनदयाल उपाध्याय | गाजियाबाद-मुरादाबाद-लखनऊ-पं. दीनदयाल उपाध्याय | 24.02.25 |
| 12506 | आनन्द विहार-कामाख्या | | | 25.02.25 |
| **दिनांक 26.02.2025 (बुधवार) को प्रयागराज जं. पर आने वाली रेलगाड़ियाँ** | | | | |
| 12669 | पुरट्चि तलैवर डॉ. एम.जी. राम चंद्रन सेंट्रल-छपरा | इटारसी-मानिकपुर-प्रयागराज-वाराणसी | इटारसी- बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-वाराणसी | 24.02.25 |
| 20933 | उधना-दानापुर | | | 25.02.25 |
| 11061 | लोकमान्य तिलक (ट.)-जयनगर | | | 25.02.25 |
| 12488 | आनन्द विहार-जोगबनी | गाजियाबाद-प्रयागराज-पं. दीनदयाल उपाध्याय | गाजियाबाद-मुरादाबाद-लखनऊ-पं. दीनदयाल उपाध्याय | 26.02.25 |
| 15484 | दिल्ली-अलीपुरद्वार | | | 26.02.25 |
| 15657 | दिल्ली-कामाख्या | | | 25.02.25 |
| 12506 | आनन्द विहार-कामाख्या | | | 26.02.25 |
| 15633 | बीकानेर-गुवाहाटी | कानपुर सेंट्रल-प्रयागराज-पं. दीनदयाल उपाध्याय | कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-वाराणसी-पं. दीनदयाल उपाध्याय | 26.02.25 |
| 22670 | पटना-एरणाकुलम | वाराणसी-प्रयागराज-मानिकपुर-इटारसी | वाराणसी-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना-इटारसी | 25.02.25 |
| 11062 | जयनगर-लोकमान्य तिलक (ट.) | | | 25.02.25 |
| 22132 | बनारस-पुणे | बनारस-प्रयागराज-मानिकपुर-इटारसी | बनारस-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना-इटारसी | 26.02.25 |
| 15483 | अलीपुरद्वार-दिल्ली | पं. दीनदयाल उपाध्याय-प्रयागराज-गाजियाबाद | पं. दीनदयाल उपाध्याय-लखनऊ-मुरादाबाद-गाजियाबाद | 25.02.25 |
| 12487 | जोगबनी-आनन्द विहार | | | 25.02.25 |
| 12505 | कामाख्या-आनन्द विहार | | | 25.02.25 |
| **दिनांक 27.02.2025 (गुरुवार) को प्रयागराज जं. पर आने वाली रेलगाड़ियाँ** | | | | |
| 22183 | लोकमान्य तिलक (ट.)-अयोध्या कैंट | इटारसी-मानिकपुर-प्रयागराज-अयोध्या कैंट | इटारसी-बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-अयोध्या कैंट | 26.02.25 |
| 22450 | नई दिल्ली-गुवाहाटी | गाजियाबाद-प्रयागराज-पं. दीनदयाल उपाध्याय | गाजियाबाद-मुरादाबाद-लखनऊ-पं. दीनदयाल उपाध्याय | 26.02.25 |
| 12488 | आनन्द विहार-जोगबनी | | | 27.02.25 |
| 15484 | दिल्ली-अलीपुरद्वार | | | 27.02.25 |
| 11061 | लोकमान्य तिलक (ट.)-जयनगर | इटारसी-मानिकपुर-प्रयागराज-वाराणसी | इटारसी-बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-वाराणसी | 26.02.25 |
| 11033 | पुणे-दरभंगा | | | 26.02.25 |
| 15657 | दिल्ली-कामाख्या | गाजियाबाद-प्रयागराज-पं. दीनदयाल उपाध्याय | गाजियाबाद-मुरादाबाद-लखनऊ-पं. दीनदयाल उपाध्याय | 26.02.25 |
| 12670 | छपरा-पुरट्चि तलैवर डॉ. एम.जी. राम चंद्रन सेंट्रल | वाराणसी-प्रयागराज-मानिकपुर-इटारसी | वाराणसी-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना-इटारसी | 26.02.25 |
| 22184 | अयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक (ट.) | लखनऊ-प्रयागराज-मानिकपुर-इटारसी | लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना-इटारसी | 27.02.25 |
| 20934 | दानापुर-उधना | वाराणसी-प्रयागराज-मानिकपुर-इटारसी | वाराणसी-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना-इटारसी | 26.02.25 |
| 11062 | जयनगर-लोकमान्य तिलक (ट.) | | | 26.02.25 |
| 22614 | अयोध्या कैंट-रामेश्वरम | अयोध्या कैंट-प्रयागराज-मानिकपुर-इटारसी | अयोध्या कैंट-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना-इटारसी | 26.02.25 |
| 15559 | दरभंगा-अहमदाबाद | वाराणसी-प्रयागराज-मानिकपुर-बीना- | वाराणसी-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना | 26.02.25 |
| 18609 | राँची-लोकमान्य तिलक (ट.) | वाराणसी-प्रयागराज-मानिकपुर-इटारसी | वाराणसी-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना-इटारसी | 26.02.25 |
| 15483 | अलीपुरद्वार-दिल्ली | पं. दीनदयाल उपाध्याय-प्रयागराज-गाजियाबाद | पं. दीनदयाल उपाध्याय-लखनऊ-मुरादाबाद-गाजियाबाद | 26.02.25 |
| 12487 | जोगबनी-आनन्द विहार | | | 26.02.25 |
| 12505 | कामाख्या-आनन्द विहार | | | 26.02.25 |
| 18101 | टाटानगर-जम्मू तवी | चुनार-प्रयागराज-गाजियाबाद | चुनार (रिवर्सल)-वाराणसी-लखनऊ-मुरादाबाद | 26.02.25 |

नोट : रेल यात्रियों को सुझाव दिया जाता है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों की समय-सारणी, संरचना एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव से संबंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं-139, एनटीईएस ऐप रेल मदद वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in के माध्यम से अद्यतन जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

महाकुम्भ 2025 रेलवे टोल फ्री नं0 1800 4199 139

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 357/25 (ADM)

## योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी की प्रतिक्रिया

प्रयागराज। भाजपा सरकार द्वारा पेश बजट से युवाओं, किसानों, महिलाओं आम आदमी को निराशा हुई है,भाजपा ने बजट को इवेंट बना दिया है , इच्छा शक्ति से कमजोर सरकार जब बजट को ज़मीन पर खर्च ही नही कर पा रही तो , बजट का आकार और संख्या बढ़ाने का सिर्फ दिखावा और नाटक क्यों किया जा रहा ? अस्पतालों में बेड नहीं है, दवाई नहीं है , स्कूलों में मास्टरों की कमी है,कर्मचारियों की कमी है ,प्रदेश का विकास सफर कर रहा है और सरकार बजट की संख्या बढ़ने पर लगी है, योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा पेश बजट से किसानों , युवाओं, महिलाओं, आम आदमी, आंगनबाड़ी कार्य कत्रियों,शिक्षामित्र,अनुदेशकों , आउट सोर्सिंग कमचारियों सहित सभी को निराशा है। सरकार सिर्फ हवा हवाई सपने दिखा रही है। सरकार जो पिछला बजट खर्च नहीं कर पाई उसके लिए प्रदेश वासियों को गुमराह करने पर प्रदेशवासियों से माफी मांगें।

## महाकुंभ संगम जल को लेकर घिरी योगी सरकार ,प्रशांत भूषण ने सीएम को दी चुनौती

लखनऊ,(यूएनएस)। प्रयागराज महाकुंभ में संगम जल की गुणवत्ता को लेकर बड़ा सियासी हंगामा मचा हुआ है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट में संगम के जल को 'नहाने योग्य नहीं' बताया गया है. दूसरी तरफ सीएम योगी ने जल को नहाने योग्य और साफ बता दिया। इस बीच सीनीयर एडवोकेट प्रशांत भूषण ने सीएम योगी को बड़ा चौलेंज किया है तो अब इस मामले पर अखिलेश यादव का रिएक्शन भी सामने आया है। प्रयागराज महाकुंभ में संगम जल की गुणवत्ता को लेकर बड़ा सियासी हंगामा मचा हुआ है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट में संगम के जल को 'नहाने योग्य नहीं' बताया गया है। इसमें काफी प्रदूषण है. दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साफ कहा कि संगम का जल पूरी तरह नहाने योग्य है. सीएम योगी ने विधानसभा में कहा, महाकुंभ में संगम का जल स्नान करने लायक भी है और आचमन के लायक भी है। संगम के जल में ऑक्सीजन की मात्रा 8 से 9 तक है। इस बीच अब सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट प्रशांत भूषण ने सीएम योगी को चुनौती दी है कि अगर संगम का पानी पीने योग्य है तो वो इसे पीए एडवोकेट प्रशांत भूषण ने एक्स पर लिखा– मैं योगी और उनके मंत्रिमंडल को कुंभ में सार्वजनिक रूप से संगम का एक–एक गिलास पानी पीने की चुनौती देता हूं। वहीं अब इस पूरे मामले पर समाजवादी पार्टी के मुखिया और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का बयान सामने आया है। उन्होंने एक्स पर लिखा–केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल को जब बताया तब ये समाचार प्रकाश में आया कि प्रयागराज में गंगा जी का 'जल मल संक्रमित' है। लखनऊ में सदन के पटल पर इस रिपोर्ट को झूठ साबित करते हुए कहा गया कि सब कुछ 'नियंत्रण' में है। दरअसल लखनऊवालों का मतलब था 'प्रदूषित पानी' के समाचार को फैलने से रोकने के लिए मीडिया पर नियंत्रण है। जनता पूछ रही है कि 'न्यायालय की अवमानना' की तरह किसी पर 'सरकारी बोर्ड या प्राधिकरण की अवमानना' का मुकदमा हो सकता है क्या? यूपीवाले पूछ रहे हैं रू दिल्ली–लखनऊ के बीच ये चल क्या रहा है? बता दें कि महाकुंभ में संगम के जल को लेकर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड यानी यूपीपीसीबी की रिपोर्ट भी सामने आई थी। इसमें कहा गया था कि प्रयागराज महाकुंभ में गंगा का जल नहाने के लिए ठीक है लेकिन उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल यानी एनजीटी ने ही सवाल खड़े कर दिए। एनजीटी ने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ये रिपोर्ट लेटेस्ट नहीं है। एनजीटी का ये भी कहना था कि यूपी प्रदूषण बोर्ड की इस रिपोर्ट में पानी की गुणवत्ता से जुड़े सारे मापदंडों का भी जिक्र नहीं किया गया है। अब यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इसको लेकर नई रिपोर्ट जारी करेगा। एनजीटी में इस मामले पर अब अगली सुनवाई 28 फरवरी के दिन होगी।

## दुराचार मामले में जेल में बंद कांग्रेस सांसद की जमानत

लखनऊ,(यूएनएस)। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में दुराचार के मामले में जेल में बंद कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की जमानत याचिका पर आज सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने मामले को सोमवार को सुनवाई के लिए पहले नंबर पर रखा है। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह सोमवार तक अपना जवाब दाखिल कर सकती है। न्यायालय सोमवार को सुबह बैठते ही सबसे पहले इस जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा। राठौर की ओर से दायर नियमित जमानत याचिका पर न्यायालय ने यह आदेश सुनवाई के बाद पारित किया। इस मामले में अंतिम निर्णय सोमवार को आने की संभावना है।

## अपार्टमेंट में कब्जा, पार्क बने शराब पीने का अड्डे, एलडीए की जनता अदालत में फरियादी भड़के

लखनऊ लखनऊ एलडीए ऑफिस में गुरुवार को जनता अदालत का आयोजन हुआ। मौसम खराब होने के चलते शिकायतकर्ताओं की संख्या कम रही। लेकिन आए फरियादी काफी गुस्से में नजर आए। बोले– एलडीए सिर्फ अवैध टैक्स वसूली कर रहा है और व्यवस्था शून्य दे रहा है। एलडीए की इस अदालत में वीसी और सचिव पहुंचे ही नहीं। ऐसे में फरियादियों को सिर्फ आश्वासन देकर के वापस भेज दिया गया। एक शिकायतकर्ता महिला पार्क में अवैध कब्जे को लेकर अफसरों से भिड़ गई। महिला अफसरों की दखल से उनको शांत करवाकर जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया गया।नेहरू एनक्लेव निवासी अंजू वार्ष्णेय ने बताया कुछ लोगों ने अपार्टमेंट में कब्जा कर लिया है। पार्क पर कब्जा कर उसको शराब पीने का अड्डा बना दिया है। विरोध करने पर झूठी एफआईआर दर्ज करवाने की धमकी दी जा रही है। इसकी एलडीए से कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। हर बार अफसर सिर्फ आश्वासन देकर वापस भेज देते हैं। अवैध कब्जेदारों ने पूरी कॉलोनी का माहौल खराब कर दिया है। किसान नेता राम प्रसाद लोधी ने बताया कि एलडीए सीतापुर रोड योजना में चबूतरों का आवंटन कर रही हैं। 177 चबूतरों के लिए 1400 से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। अफसरों से मिल कर चबूतरों को उन्हीं किसानों को पहले आवंटन करने की मांग की है, जिनकी रसीदें पहले से एलडीए काट चुका है। इसके साथ ही किसानों की संख्या के हिसाब से चबूतरों की संख्या को बढ़ाने का ज्ञापन दिया है। सेक्टर एफ एलडीए कॉलोनी निवासी आर एस अहिरवार ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर फेज 2 में बच्चों के नाम पर एक प्रॉपर्टी है। उस पर घर बनवाने के लिए नक्शा पास करवाने के लिए 2021 में आवेदन किया था। चार साल बीत जाने के बाद भी अभी तक नक्शा पास नहीं हुआ है। 7 बार इसकी शिकायत कर चुका हूं लेकिन हर बार अफसर आश्वासन देकर वापस भेज देते हैं।

## हॉस्टल बाथरूम में कक्षा 5 के छात्र का शव मिला

लखनऊ,(यूएनएस)। राजधानी लखनऊ में मलिहाबाद स्थित सफा पब्लिक स्कूल के हॉस्टल में कक्षा पांच के छात्र का शव फांसी से लटका मिला। छात्र की पहचान खान अल्तमस (15) के रूप में हुई। साथी छात्रों ने शव देखकर स्कूल प्रबंधन को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से बस्ती के पैकुलिया का रहने वाला खान अल्तमस (15) का शव गुरुवार सुबह बाथरूम में लटकता मिला। इंस्पेक्टर मलिहाबाद के मुताबिक परिवार वालों को सूचना दे दी गई है। परिजनों की शिकायत और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मनमाने ढंग से जबरन करा दिया गया आबादी में नाली निर्माण

प्रयागराज। तमाम शिकायतों के बावजूद भी तहसील एवं पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में आबादी की भूमि से जबरन नाली निर्माण कराए जाने की शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई है। मालूम हो मामला आलापुर तहसील क्षेत्र के भदया का है गांव निवासी जौवाद पुत्र गफूर ने जिलाधिकारी सहित उच्च अधिकारियों को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि मेरी आबादी की भूमि पर नायब तहसीलदार की मौजूदगी में विपक्षी द्वारा जबरन नाली निर्माण करा दिया गया। शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि मेरी आबादी की भूमि में कभी कोई नाली नहीं थी लेकिन विपक्षियों द्वारा तहसील कर्मियों को मिलाकर जबरन नाली बनवाया गया है। यही नहीं विपक्षियों के प्रभाव में पुलिस द्वारा नाली निर्माण होने तक पीड़ित एवं उसके भाई को थाने पर बैठाया गया तथा विरोध करने पर फर्जी मुकदमे मे फसाये जाने की धमकी भी दी गई जिससे पूरा परिवार दहशत में है । उच्च अधिकारियों को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़ित द्वारा कहा गया है कि अगर इसी तरह से शिकायत करते रहोगे तो पूरे परिवार को फर्जी मुकदमे में फसा कर जीवन बर्बाद कर देंगे। यही नहीं नायब तहसीलदार द्वारा भी नाली निर्माण रोके जाने पर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहने की धमकी दी गई । इस बाबत तहसीलदार आलापुर धर्मेंद्र यादव ने बताया कि नाली निर्माण अंडर ग्राउंड कराई गई है उससे पीड़ित का कोई नुकसान नहीं है । भदया गांव निवासी जौवाद द्वारा पहले ही विपक्षियों द्वारा नाली निर्माण कराए जाने की आशंका जताते हुए शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था तहसील प्रशासन ने जौवाद के शिकायत पत्र पर रिपोर्ट लगाया कि यह आबादी की भूमि वर्ग 6 है जिससे नाली निर्माण बिना दोनों पक्ष की सहमति से कराया जाना संभव नहीं है । शिकायतों का इस तरह निस्तारण कर दिया गया और मौके पर तहसील कर्मियों की मौजूदगी में नाली निर्माण भी करा दिया गया। इस मामले में तहसील कर्मियों की भूमिका पूरी तरह से संदिग्ध है जहां एक तरफ शिकायतों के निस्तारण मे दिखाया जा रहा है कि आबादी की भूमि बिना सहमति के नाली निर्माण कराया जाना संभव नहीं है वहीं पर तहसील प्रशासन द्वारा पुलिस की मदद से बैठकर नाली निर्माण कराया गया । जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है जिसमें तहसील के एक अधिकारी द्वारा मौके पर बैठकर नाली निर्माण कराया गया है ।इस बाबत उप जिलाधिकारी आलापुर सुभाष सिंह ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में आया था मैं गया था नाली निर्माण कहां कराया गया है इस बारे में जानकारी करके आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## प्रयागराज परिक्षेत्र से मेला स्पेशल वी नियमित 1554 गाड़ियों का किया गया संचालन

प्रयागराज। पिछले 05 दिनों में प्रयागराज परिक्षेत्र के 08 स्टेशनों से मेला विशेष और नियमित 1554 गाड़ियों का संचालन 16.02.2025 से 20.02.20 25 को 18 बजे तक प्रयागराज परिक्षेत्र के 08 रेलवे स्टेशनों प्रयागराज जंक्शन , प्रयाग, फाफामऊ, प्रयागराज रामबाग, झूसी, सूबेदारगंज, नैनी, प्रयागराज छिवकी से मेला विशेष एवं नियमित गाड़ियों सहित 1554 गाड़ियों का संचालन कर श्रद्धालुओं की यात्रा सुलभ कराई गई। 20.02.2025 को 18.00 बजे तक 198 मेला विशेष एवं नियमित गाड़ियों का परिचालन किया गया । श्रद्धालुओं की सुगम यात्रा के लिए अन्य रेलवे के सहयोग से गाड़ियो का सुगम परिचालन किया जा रहा है। प्रयागराज परिक्षेत्र के सभी आठ स्टेशनों से इतनी बड़ी संख्या में नियमित एवं विशेष गाड़ियों के संचालन के लिए रेलवे द्वारा सुनियोजित रणनीति द्वारा एवं सतत निगरानी के माध्यम से यह कार्य किया जा रहा है।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, समेत कई प्रमुख नेताओं ने किया त्रिवेणी में स्नान

प्रयागराज। विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक आयोजन महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की आस्था के साथ–साथ राजनीतिक हस्तियों का भी संगम देखने को मिल रहा है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण,भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या,केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू,शिवसेना सांसद श्रिकांत शिंदे सहित कई नेता त्रिवेणी संगम में पुण्य स्नान कर महाकुम्भ की पवित्रता का अनुभव कर रहे हैं। निर्मला सीतारमण ने किया स्नान, यूपी सरकार ने किया स्वागत। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने त्रिवेणी संगम में स्नान कर सनातन परंपरा के इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने प्रयागराज आगमन पर उनका सादर स्वागत एवं अभिनंदन किया। वित्त मंत्री सपरिवार प्रयागराज पहुंचीं और यहां त्रिवेणी संगम में स्नान किया। तेजस्वी सूर्या बोले – श्महाकुम्भ दुनिया का सबसे भव्य आयोजन। भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने महाकुम्भ के दिव्य आयोजन को लेकर कहा, ष्आज मुझे सैकड़ों ठश्रल्ड कार्यकर्ताओं के साथ संगम स्नान करने का सौभाग्य मिला। पूरी दुनिया में इस स्तर का आयोजन पहले कभी नहीं हुआ। महाकुम्भ की सबसे बड़ी विशेषता इसकी एकता और सामूहिकता है, जहां देश–विदेश के लोग एक साथ जुड़ते हैं। राम मोहन नायडू बोलेदृ 'ऐसा अनुभव जीवन में दोबारा नहीं मिलेगा।केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि वह इस ऐतिहासिक अवसर पर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए खास तौर पर प्रयागराज आए। उन्होंने कहा, ष्यह एक ऐसा आयोजन है जो पीढ़ियों से चला आ रहा है और मुझे खुशी है कि मैं इस युग में जन्मा हूं जब महाकुम्भ हो रहा है। मैं इस अनुभव को मिस नहीं करना चाहता था। यहां की ऊर्जा और सकारात्मकता अविश्वसनीय है। श्रिकांत शिंदे ने कहा– 144 साल बाद ऐसा मौका, मैं भाग्यशाली हूं। शिवसेना सांसद श्रिकांत शिंदे ने कहा, ष्महाकुंभ 144 साल में एक बार आता है और मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि इस आयोजन में शामिल हो पाया। करोड़ों लोग यहां स्नान के लिए आ रहे हैं, और यह अपने आप में एक अद्भुत आध्यात्मिक संगम है।

## प्रधानमंत्री पीएम किसान निधि की 19वीं किस्त 24 फरवरी को करेगें जारी, जनपद में होगा सजीव प्रसारण

प्रयागराज। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने बताया है कि दिनांक 24 फरवरी 2025 को भागलपुर (बिहार) में आयोजित होने वाले ''किसान सम्मान समारोह'' में प्रधानमंत्री द्वारा पीएम किसान निधि की 19वीं किस्त जारी की जायेगी जिसका सजीव प्रसारण कृषकों के मध्य जनपद के समस्त विकास खण्ड कार्यालयों/राजकीय कृषि बीज भण्डारों, ग्राम पंचायतों एवं कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित किया जायेगा जिसका प्रसारण लिंक https://pmindiawebcast.nic.in है। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु कर्मचारियों/अधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में नामित कर दिया है। उन्होने बताया है कि जनपद में कार्यक्रम का आयोजन विकास खण्ड सभागार कुण्डा, बिहार, बाबागंज, लालगंज, सांगीपुर, रामपुर संग्रामगढ़, लक्ष्मणपुर, शिवगढ़, गौरा, पट्टी, बाबा बेलखरनाथधाम, मंगरौरा, आसपुर देवसरा, मानधाता व सण्ड़वा चन्द्रिका में तथा विकास खण्ड कालाकांकर के कृषि विज्ञान केन्द्र कालाकांकर व विकास खण्ड सदर के कार्यक्रम का आयोजन कृषि भवन परिसर प्रतापगढ़ में किया जायेगा।

## सुरक्षा से सम्पूर्ण सुरक्षा तक मिनी स्वास्थ्य कैम्प का किया गया आयोजन

प्रयागराज। उ0 प्र0 राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी लखनऊ के अन्तर्गत सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र के तहत महिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद की अध्यक्षता में फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर निःशुल्क मिनी स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 शैलेन्द्र कुशवाहा, डा0 रीना प्रसाद, मेडिकल चिकित्सालय की डा0 अर्चना, नोडल अधिकारी सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र डा0 मनोज खत्री (फिजीशियन), एसएमओ डा0 राकेश द्वारा प्रतिभाग कर मिनी स्वास्थ्य कैम्प की शुरूआत की गयी। कैम्प में आने वाले जनमानस एवं रोगियों को एचआईवी/एड्स, आरटीआई/एसटीआई, क्षय रोग एवं हेपेटाईटिस बी व सी की जानकारी देकर उनके लक्षणों को बताते हुये कैम्प में कुल 130 पंजीकरण कराये गये। कैम्प में आने वाले लोगों जिनके परिवार के सदस्य प्रवासी है को विशेषकर जांच कराने के एवं एट रिस्क निगेटिव व विसंगत पार्टनर के खतरों के लक्षणों के बारे में बताया गया तथा सामान्य रोगियों को सलाह एवं सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र के विषय में जानकारी देते हुये सुरक्षा से सम्पूर्ण सुरक्षा तक कैम्प की आवश्यकता एवं उद्देश्य को पूरा करने हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद द्वारा सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र के कार्यो को विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र के प्रबन्धक अमित कुमार सरकार, परामर्शदाता राहुल यादव एवं अर्चना श्रीवास्तव, ओ0आर0 डब्ल्यू इन्द्र प्रताप सिंह व सुमन मिश्रा एवं टीआई संस्था के स्टाफ एवं लैब टेक्निशीयन व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी की प्रतिक्रिया

प्रयागराज। भाजपा सरकार द्वारा पेश बजट से युवाओं, किसानों, महिलाओं आम आदमी को निराशा हुई है,भाजपा ने बजट को इवेंट बना दिया है , इच्छा शक्ति से कमजोर सरकार जब बजट को ज़मीन पर खर्च ही नही कर पा रही तो , बजट का आकार और संख्या बढ़ाने का सिर्फ दिखावा और नाटक क्यों किया जा रहा ? अस्पतालों में बेड नहीं है, दवाई नहीं है , स्कूलों में मास्टरों की कमी है,कर्मचारियों की कमी है ,प्रदेश का विकास सफर कर रहा है और सरकार बजट की संख्या बढ़ने पर लगी है, योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा पेश बजट से किसानों , युवाओं, महिलाओं, आम आदमी, आंगनबाड़ी कार्य कत्रियों,शिक्षामित्र,अनुदेशकों , आउट सोर्सिंग कमचारियों सहित सभी को निराशा है। सरकार सिर्फ हवा हवाई सपने दिखा रही है। सरकार जो पिछला बजट खर्च नहीं कर पाई उसके लिए प्रदेश वासियों को गुमराह करने पर प्रदेशवासियों से माफी मांगें।

## प्रधान पुत्र सहित तीन लोगों पर दबंगों ने किया हमला

प्रयागराज। ब्यूरो थाना क्षेत्र राजेसुल्तानपुर अंर्तगत ग्राम पंचायत दुबौली के प्रधान पुत्र सहित तीन लोगों पर जानलेवा हमला कर दबंगों द्वारा घायल कर दिया गया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। प्राप्त विवरण के अनुसार थानाक्षेत्र के ग्राम सर्वेपुर निवासी दुर्गावती पाठक ग्राम पंचायत दुबौली की ग्राम प्रधान हैं 20//2/25 को लगभग साढ़े ग्यारह बजे दोपहर में प्रधान पुत्र गांव में बन रही इंतरलाकिग स्थल पर मौजूद थे और साथ में काम करने वाले मजदूर भी थे। पीड़ित ने बताया कि इसी दौरान गांव के उमेश पाठक, अवंतिका पाठक, पल्लवी पाठक, इन्द्रमती पाठक अपने हाथों में लाठी डंडा, व गड़ासा लेकर एकजुट होकर हमला कर दिया।

सम्पादक
सिद्धनाथ द्विवेदी
प्रबन्धक निदेशक
दीपक जयसवाल
सम्पादकीय कार्यालय
11ई/2, ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के आधीन होगा।